**74. भारतीय संविधान के निर्माण से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन सही हैं ?**

1. पं. नेहरू के उद्देश्य प्रस्ताव का, जो संविधान सभा द्वारा स्वीकार किया गया था, संविधान के निर्माण पर असर था।
2. उद्देशिका बहुत महत्वपूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति करती है।
3. संविधान को भारत के लोगों ने आदेशित किया है।
4. राज्य के मुखिया को लोग प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित करते हैं। नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

कूट :

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4

(c) 2, 3 और 4 (d) सभी चारों

**75. नीचे दो वक्तव्य दिए हैं:**

**कथन (A)** भारत का संविधान देश की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

**कारण (R) :** इसको एक गृहीत संविधान कहा जाता है। उपर्युक्त के संदर्भ में निम्न में से कौन एक सत्य है ?

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।

(d) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

**76. निम्नलिखित में से किसने कहा था, "एक संविधान एक मशीन की तरह बेजान चीज है, इसमें वे लोग जीवन फूंकते हैं जो इसका नियंत्रण करते हैं, भारत में बस कुछ ईमानदार लोगों की आवश्यकता है जिनके लिए राष्ट्रहित ही सर्वोपरि है" ?**

(a) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (b) जवाहरलाल नेहरू

(c) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर (d) महात्मा गांधी

**77. किसने कहा था "संविधान सभा कांग्रेस थी और कांग्रेस भारत था" ?**

(a) ऑस्टिन (b) सी.आर. एटली

(c) विन्स्टन चर्चिल (d) लॉर्ड माउंटबेटन

**78. निम्नलिखित में से संविधान सभा की संघ संविधान समिति का अध्यक्ष कौन था ?**

(a) बी.आर. अम्बेडकर (b) जे. बी. कृपलानी

(c) जवाहरलाल नेहरू (d) अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर

**79. भारत के संविधान के अनुच्छेद 368 (2) के उपबंधों के तहत यदि कोई विधेयक भारत की संसद द्वारा पारित होने के पश्चात राजस्थान विधानसभा के पास संकल्प द्वारा अनुसमर्थन के लिए आता है, तो**

(A) विधानसभा संकल्प पारित कर सकती है।

(B) विधानसभा संकल्प अस्वीकार कर सकती है।

(C) ऐसे संकल्प में कोई संशोधन प्रस्तावित नहीं किया जा सकता है।

**सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए**

**कूट :**

(a) केवल (A)

(c) (A) और (C)

(b) (B) और (C)

(d) (A), (B) और (C)

**80.** संविधान के किसी भी भाग में संशोधन कर सकती है।

**कारण (R) :** संसद, भारत की जनता द्वारा निर्वाचित उच्चतम विधायी संस्था है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है, परंतु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, परंतु (R) सही है।

**81. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**

1. किसी संविधान संशोधन विधेयक को भारत के राष्ट्रपति की पूर्व सिफारिश की अपेक्षा होती है।
2. जब कोई संविधान संशोधन विधेयक भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, तो भारत के राष्ट्रपति के लिए यह बाध्यकर है कि वे अपनी अनुमति दें।
3. संविधान संशोधन विधेयक लोक सभा और राज्य सभा दोनों द्वारा विशेष बहुमत से पारित होना ही चाहिए और इसके लिए संयुक्त बैठक का कोई उपबंध नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**82. भारत के एक राज्य के राज्यपाल से संबंधित निम्न कथनों पर ध्यान दीजिए-**

1. उसे जन्म से भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. उसकी आयु कम-से-कम 35 वर्ष होनी चाहिए।
3. उसमें लोक सभा का सदस्य होने की योग्यता होनी चाहिए।
4. वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है।

इनमें से-

(a) 1 तथा 2 सही हैं ।

(b) 1, 2 और 3 सही हैं ।

(c) 1, 2 और 4 सही हैं ।

(d) 2 तथा 4 सही हैं ।

**83. किसी राज्य के गवर्नर के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

1. उसे राष्ट्रपति नियुक्त करते हैं।
2. राष्ट्रपति की इच्छा अनुसार यह पद पर रहते हैं।
3. उनमें राज्य की कार्यपालिका शक्ति निहित है।
4. सामान्यतः वह पांच वर्ष के लिए पद पर रहते हैं। सही उत्तर का चयन नीचे दिए कूट से कीजिए :

**कूट :**

(a) 1 तथा 2
(b) 1, 2 तथा 3
(c) 1, 2 तथा 4
(d) सभी चारों

**84. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?**

(a) भारत में एक ही व्यक्ति को एक ही समय में दो या अधिक राज्यों में राज्यपाल नियुक्त नहीं किया जा सकता
(b) भारत में राज्यों के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राज्य के राज्यपाल द्वारा नियुक्त किए जाते हैं, ठीक वैसे ही जैसे उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किए जाते हैं।
(c) भारत के संविधान में राज्यपाल को उसके पद से हटाने हेतु कोई भी प्रक्रिया अधिकथित नहीं है।
(d) विधायी व्यवस्था वाले संघ राज्यक्षेत्र में मुख्यमंत्री की नियुक्ति उपराज्यपाल द्वारा, बहुमत समर्थन के आधार पर, की जाती है।

**85. निम्नलिखित में से कौन-सी किसी राज्य के राज्यपाल को दी गई विवेकाधीन शक्तियां हैं?**

1. भारत के राष्ट्रपति को राष्ट्रपति शासन अधिरोपित करने के लिए रिपोर्ट भेजना।
2. मंत्रियों की नियुक्ति करना।
3. राज्य विधानमंडल द्वारा पारित कतिपय विधेयकों को, भारत के राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित करना।
4. राज्य सरकार के कार्य संचालन के लिए नियम बनाना। नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए ।

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**86. जब एक ही व्यक्ति को दो या अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त किया जाता है, तो उस राज्यपाल को संदेय उपलब्धियां और भत्ते होंगे ।**

(a) राज्यपाल की व्यक्त इच्छानुसार
(b) राष्ट्रपति के निर्णयानुसार
(c) गृह मंत्रालय के निर्णयानुसार
(d) इसे उन राज्यों के बीच ऐसे अनुपात में आवंटित किया जाएगा, जैसा राष्ट्रपति आदेश द्वारा अवधारित करें

**87. राज्य का राज्यपाल मंत्रिपरिषद के परामर्श से स्वतंत्र कार्य कर सकता है –**

1. विधानसभा में सरकार को अपना बहुमत सिद्ध करने को कहने के लिए।
2. मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने के लिए।
3. भारत के राष्ट्रपति के विचारार्थ किसी विधेयक को आरक्षित करने के लिए।
4. विधायिका द्वारा पारित किसी विधेयक को पुनर्विचार हेतु वापस करने के लिए।
5. उच्च न्यायालय का परामर्श मांगने के लिए।

**अधोलिखित कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

**कूट :**

(a) 1, 2, 3 और 4
(b) 2, 3, 4 और 5
(c) 1, 2, 4 और 5
(d) उपर्युक्त सभी

88. राजस्थान के निम्नलिखित राज्यपालों में से किसने पद से त्यागपत्र दिया था ?

(a) जोगिन्दर सिंह　(b) बलिराम भगत
(c) मदनलाल खुराना　(d)अंशुमन सिंह

**89. भारतीय संविधान के निम्न अनुच्छेदों में से किस एक के अधीन राज्यपाल, राष्ट्रपति के विचार के लिए किसी विधेयक को आरक्षित रख सकता है?**

(a) अनुच्छेद 169　(b) अनुच्छेद 200
(c) अनुच्छेद 201　(d) अनुच्छेद 202

**90. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद राज्यपाल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्रदान करता है?**

(a) अनुच्छेद 208　(b) अनुच्छेद 212
(c) अनुच्छेद 213　(d) अनुच्छेद 214

**91. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से अपना उत्तर चुनिए-**

1. राज्यपाल को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति का अधिकार नहीं है।
2. वह विधानमंडल का हिस्सा नहीं है।
3. उन्हें विधान परिषद में कुछ सदस्यों को मनोनीत करने का अधिकार है।
4. उनके पास कोई न्यायिक शक्ति नहीं है।

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

कूट :

(a) 1 और 2 सही हैं।

(b) 1 और 3 सही हैं।

(c) 2 और 4 सही हैं।

(d) सभी सही हैं।

**92. राज्य विधान परिषद का प्रावधान भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में रखा गया है?**

(a) अनुच्छेद 170

(b) अनुच्छेद 171

(c) अनुच्छेद 172

(d) अनुच्छेद 173

**93. राज्य विधान परिषद के उत्सादन के लिए राज्य विधानसभा द्वारा संविधान के अनुच्छेद 169 के अंतर्गत स्वीकृत संकल्प के बारे में निम्नांकित में से कौन-सा कथन सही है ?**

(a) राज्यपाल पर बाध्यता अधिरोपित करता है कि वह संकल्प को राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित करें।

(b) केंद्र सरकार पर कोई बाध्यता अधिरोपित नहीं करता है कि वह संसद में विधि निर्माण हेतु कार्यवाही करें।

(c) राज्यपाल पर कोई बाध्यता अधिरोपित नहीं करता है कि वह संकल्प को राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित करें।

(d) केंद्र सरकार पर बाध्यता अधिरोपित करता है कि वह संसद में विधि निर्माण हेतु कार्यवाही करें।

**94. विधान परिषद में मनोनीत सदस्यों की संख्या है-**

(a) कुल सदस्य संख्या की 1/3

(b) कुल सदस्य संख्या की 1/4

(c) कुल सदस्य संख्या की 1/6

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**95. निम्नलिखित में से कौन-सी तृतीयक आर्थिक गतिविधि है?**

(A) बुनाई करना (B) शिकार करना

(C) व्यापार करना (D) खेती करना

**96. कीन्स के अनुसार व्यापार चक्र निवेश की दर में होने वाले उतार चढ़ाव के कारण बनता है, जो कि इस कारण बदलती है-**

(A) पूँजी की सीमांत क्षमता

(B) बचत की सीमांत प्रवृति

(C) उपभोग की सीमांत प्रवृति

(D) निवेश की सीमांत क्षमता

**97. निम्नलिखित में से वह कौन-सी वस्तुएँ है जिसकी माँग, उपभोक्त की आय में वृद्धि के साथ घट जाती है?**

(A) वेबलन वस्तुएँ (B) साधारण वस्तुएँ

(C) अनन्य वस्तुएँ (D) निम्न वस्तुएँ

**98. राष्ट्रीय आय के आकलन की तैयारी की जिम्मेदारी किसके पास है?**

(A) योजना आयोग

(B) राष्ट्रीय विकास परिषद

(C) केन्द्रीय नमूना सर्वेक्षण संस्थान (NSSO)

(D) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (CSO)

**99. .......... एक विशिष्ट समय अवधि में देश की सीमाओं के भीतर उत्पादित सभी तैयार वस्तुओं और सेवाओं का अंतिम मूल्य है।**

(A) सरकारी राजस्व (B) सकल घरेलु उत्पाद

(C) राष्ट्रीय उत्पाद (D) सकल राष्ट्रीय उत्पाद

**100. आय और उपभोग.......हैं ।**

(A) प्रत्यक्ष रूप से संबंधित

(B) आंशिक रूप से संबंधित

(C) प्रतिलोम रूप से संबंधित

(D) असंबद्ध

**101. राष्ट्रीय आय है:-**

(A) बाजार कीमत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद

(B) कारक लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद

(C) कारक लागत पर निवल घरेलू उत्पाद

(D) बाजार कीमत पर निवल घरेलू उत्पाद

**102. बैंकिंग प्रणाली के संदर्भ में 'कोलैटरल' शब्द का क्या अर्थ है?**

(A) 'कोलैटरल' एक संपत्ति है जो सरकार किसानों को प्रदान करती है।

(B) 'कोलैटरल' एक संपत्ति है जिसे उधारकर्ता ने ऋण के रूप में लिया था।

(C) 'कोलैटरल' एक संपत्ति है जो एक उधारकर्ता के पास है और जब तक ऋण चुकाया नहीं जाता है तब तक ऋणदाता को गारंटी के रूप में इसका उपयोग करता है।

(D) 'कोलैटरल ' सरकार की एक संपत्ति है जिसका उपयोग उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए किया जाता है।

**103. निम्नलिखित में से कौन विकासशील और उभरने बाजार देशों में विश्व बैंक और IMF द्वारा संयुक्त रूप से किसी देश के वित्तिय क्षेत्र का व्यापक और गहन विश्लेषण है?**

(A) वित्त और सामाजिक आर्थिक लेखा परीक्षा योजना

(B) वित्तिय क्षेत्र मूल्यांकन कार्यक्रम

(C) वित्तीय क्षेत्र का मूल्यांकन और निगरानी

(D) विकासशील अर्थव्यवस्था वित्तीय लेखा परीक्षा योजना

**104. राजस्व प्राप्तियों और गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों (NDCR) और कुल व्यय के बीच के अंतर को कहा जाता है।**
(A) राजस्व घाटा
(B) राजकोषीय घाटा
(C) प्रभावी राजस्व घाटा
(D) प्राथमिक घाटा

**105. सरकार की व्यय, करारोपण और ऋण संबंधित नीति को क्या कहा जाता है?**
(A) राजकोषीय नीति (B) मौद्रिक नीति
(C) बैंक नीति (D) कर नीति

**106. राजकोषीय नीति संबंधित है-**
(A) लोक राजस्व
(B) लोक व्यय और कर्ज
(C) बैंक दर नीति
(D) 1 व 2 दोनों

**107. लोक बजट में, प्रथम बार शून्य बजट कहाँ प्रस्तुत किया गया?**
(A) अमेरिका (B) यूनाईटेड किंग्डम
(C) फ्रांस (D) स्वीडन

**108. निम्नलिखित में से कौन-सी मूल भौतिक राशि है?**
(a) बल (b) वेग
(c) विद्युत धारा (d) कार्य

**109. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है-**
(a) एनीमोमीटर - वायु की चाल
(b) अमीटर - विद्युत धारा
(c) टैकियोमीटर - दाबांतर
(d) पाइरोमीटर - उच्च ताप

**110. राडार उपयोग में आता है-**
(a) प्रकाश तरंगों द्वारा वस्तुओं का पता लगाने में।
(b) ध्वनि तरंगों को परावर्तित कर वस्तुओं का पता लगाने में।
(c) रेडियो तरंगों द्वारा वस्तुओं की स्थिति ज्ञात करने में।
(d) वर्षा करने वाले बादलों का पीछा करने में।

**111. कथन (A):** एक पूर्णतः घर्षणहीन पृष्ठ (Completely Friction-Less Surface) पर खड़ा एक व्यक्ति सीटी बजाने से अपने को गति में ला सकता है।

**कारण (R) :** यदि किसी तंत्र पर कोई बाह्य बल क्रियाशील नहीं है, तो इसका संवेग H परिवर्तित नहीं हो सकता।

**कूट :**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) (A) सही है, परंतु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, परंतु (R) सही है।

**112. एक प्रभावी कोरिओलिस बल किस कारण होता है?**
(a) सौर प्रणाली
(b) पृथ्वी का घूर्णन
(c) पृथ्वी का आंतरिक भाग
(d) कोलोराडो और खाड़ी धारा

**113. कथन चन्द्रमा पर मानव का वजन पृथ्वी की तुलना में 1/6 रहता है।**

**कारण :** चन्द्रमा पर पृथ्वी की तरह गुरुत्वाकर्षण नहीं है। निम्नलिखित कूटों में से उत्तर का चयन कीजिए-
(a) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन को सही स्पष्ट करता है।
(b) कथन और कारण दोनों सही हैं, परंतु कारण कथन को सही स्पष्ट नहीं करता।
(c) कथन सही है, परंतु कारण गलत है।
(d) कथन गलत है, परंतु कारण सही है।

**114. यदि पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल अचानक लुप्त हो जाता है, तो निम्न में से कौन-सा परिणाम सही होगा?**
(a) वस्तु का भार शून्य हो जाएगा, परंतु द्रव्यमान वही रहेगा
(b) वस्तु का द्रव्यमान शून्य हो जाएगा, परंतु भार वही रहेगा
(c) वस्तु का भार तथा द्रव्यमान दोनों शून्य हो जाएंगे
(d) वस्तु का द्रव्यमान बढ़ जाएगा

**115. नीचे दो वाक्यांश दिए हैं :**

**कथन (A) :** अंतरिक्ष में मोमबत्ती जलाने पर ज्वाला उत्पन्न नहीं होती।

**कारण (R) :** ज्वाला का अस्तित्व गुरुत्वीयकर्षण के कारण होता है। उपर्युक्त के संदर्भ में निम्न में से कौन एक सही है ?

**कूट :**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) (A) सही है, किंतु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है किंतु (R) सही है।

**116. एक केशनली में जल की अपेक्षा एक तरल अधिक ऊंचाई तक चढ़ता है, तो इसका कारण है -**

(a) तरल, जल की अपेक्षा अधिक श्यान (Viscous) है।

(b) तरल का ताप जल की अपेक्षा अधिक है।

(c) तरल का पृष्ठ तनाव जल की अपेक्षा कम है।

(d) तरल का पृष्ठ तनाव जल की अपेक्षा ज्यादा है।

**117. ऑटोमोबाइल्स के हाइड्रॉलिक ब्रेक के कार्य करने का सिद्धांत है-**

(a) आर्किमिडीज का सिद्धांत

(b) न्यूटन के गति का नियम

(c) बरनौली का सिद्धांत

(d) पास्कल का नियम

**118. कथन (A):** तापमान में वृद्धि के साथ, ग्लिसरीन की श्यानता बढ जाती है।

**कारण (R) :** तापमान में वृद्धि अणुओं की गतिज ऊर्जा को बढ़ा देती है।

**कूट :**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, किंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सही है, परंतु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, परंतु (R) सही है।

**119. समुद्र में नदी की अपेक्षा तैरना आसान होता है, क्योंकि**

(a) समुद्री जल नमकीन होता है।

(b) समुद्री जल गहरा होता है।

(c) समुद्री जल भारी होता है।

(d) समुद्री जल हल्का होता है।

**120. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. तंतु प्रकाशिकीय पूर्ण आंतरिक परावर्तन सिद्धांत पर आधारित है।
2. प्रकाशिक तंतु संचार तंत्र में ऊर्जा उपभोग अत्यधिक कम होता है।
3. प्रकाशिक तंतु संचार रेडियो आवृत्ति अवरोध से मुक्त है
4. भारत में प्रकाशिक तंतु के निर्माण में रिलायंस उद्योग समूह सन्नद्ध है ।

**इन कथनों में से कौन-सा सही है ?**

(a) 1, 2 और 3

(b) 1, 2 और 4

(c) 1, 3 और 4

(d) 2, 3 और 4

**121. A, B , C की आय में 3 : 7 : 4 का अनुपात है यदि उनके व्यय में 4 : 3 : 5 का अनुपात है यदि 2400 रु. की आय में से A , 300 रु. बचाता है तो B की बचत क्या हैं ?**

A. 4000 B 4025

C. 4500 D. 4050

**122. एक थैली में 1 रु. , 50 पैसे तथा 25 पैसे के सिक्के है 50 पैसे के सिक्कों की संख्या 25 पैसे के सिक्कों की संख्या से दुगुनी तथा 1 रु. के सिक्कों की संख्या से चौगुनी है इन सिक्कों का कुल मूल्य 56 रु. है 50 पैसे के सिक्कों की संख्या कितनी हैं ?**

A. 60 B. 64

C. 62 D. 66

**123. दो बर्तन A तथा B में दूध तथा पानी के मिश्रण का अनुपात 5 : 3 तथा 2 : 3 के अनुपात में है इन मिश्रणों को किस अनुपात में मिलाया जाये कि नए मिश्रण में आधा दूध और आधा पानी हो ?**

A. 5:4 B. 4:5

C. 6:7 D. 5:1

**124. A और B की आय का अनुपात 3: 2 है व खर्च का अनुपात 4 :3 है ! अगर वे क्रमशः 2000 Rs तथा 900 Rs बचाते है तो B की आय ज्ञात करो ?**

A. 7200 B. 4800

C. 2400 D. 3600

**125. A, B और C में Rs 3,500 इस प्रकार वितरित किये गए कि A : B = 5 : 4 तथा B : C = 3 : 2 तो B को कितने रु. प्राप्त हुए ।**

A. 1000 B. 1100

C. 1200 D.1300

**126. A, B तथा C ने क्रमशः 5000रु, 10,000रु तथा 15,000रु के साथ व्यापार शुरू किया। एक वर्ष बाद B व्यापार से हट गया। यदि दो वर्ष के अंत में उन्हें कुल लाभ 12,000रु का हुआ तो उसमे B का हिस्सा ज्ञात करे।**

A. 2000 B. 2200

C. 2400 D. 3000

**127. A तथा B 1690 रु में एक चारागाह किराये पर लेते हैं। A उसमे 700 गायो को 8 महीने तक चराता हैं तो B कितने गायो को 11 महीने तक चराता हैं कि उसे किराये के 990 रु चुकाने पड़े?**

A. 700 B. 720

C. 750 D. 800

**128. तीन साझेदारों ने 5: 7: 8 के अनुपात में एक व्यवसाय में लाभ साझा किया। उन्होंने क्रमशः 14 महीने, 8 महीने और 7 महीने के लिए साझेदारी की थी। तो उनके द्वारा निवेश की गयी पूंजी का अनुपात क्या होगा?**

A. 5: 7: 8 B. 20 : 49 : 64

C. 38: 28: 21 D. इनमें से कोई नही

**129. A और B ने क्रमशः 20,000 और 15,000 रुपये का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। छह महीने के बाद, C 20,000 रुपये के साथ उनके साथ जुड़ा। तो व्यवसाय के प्रारंभ से 2 साल के अंत में 25,000 रु. के कुल लाभ में B का हिस्सा कितना होगा?**

A. Rs. 7500 B. Rs. 9000

C. Rs. 9500 D. Rs. 10,000

**130. A ने 45000 की पूंजी लगाकर एक व्यापार आरंभ किया कुछ समय बाद B भी 54,000 रुपये लगाकर इस व्यापार में साझीदार हो गया यदि वर्ष के अंत में उनका लाभ 2 : 1 के अनुपात में बाँटा गया तो, व्यापार आरंभ होने के कितने महीने बाद B साझीदार बना ?**

A. 12 B. 8

C. 7 D. 9

**131. कथनः एक विवाह के सत्कार समारोह में भोजन करने के बाद बहुत से लोग बीमार पड़ गए और उन्हें तत्काल पास के सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में ले जाया गया।**

**पूर्वधारणाएं :**

(I) प्रभावित लोगों के रिश्तेदार उन्हें सरकारी अस्पताल में ले जाने से इनकार करेंगे।

(II) निकटवर्ती अस्पताल सभी प्रभावित लोगों का उपचार कर सकेंगे ।

A. केवल पूर्वधारणा I कथन में अंतर्निहित है।

B. केवल पूर्वधारणा II कथन में अंतर्निहित है।

C. दोनों अंतर्निहित है।

D. दोनों में से कोई नही

**132. कथनः सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में नये कारोबारी उपक्रम स्थापित करने के लिए हाल ही में प्रोत्साहन पैंकेज की घोषणा की है और सभी यूनिटों को अबाधित पावर सप्लाई का वचन दिया है।**

**पूर्वधारणाएँ :**

I. सरकार ऐसे सभी यूनिटों को पर्याप्त पावर सप्लाई कर पायेगी।

II. ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी सरकार के इस निर्णय का स्वागत करेंगे।

A. केवल पूर्वधारणा I कथन में अंतर्निहित है।

B. केवल पूर्वधारणा II कथन में अंतर्निहित है।

C. दोनों अंतर्निहित है।

D. दोनों में से कोई नही

**133. कथनः मुख्य त्योहार के दिन नगरपालिका प्राधिकरण ने मंदिर के अंदर और इर्द-गिर्द यातायात का आवागमन रोक दिया।**

**पूर्वधारणाएं :**

1. मुख्य त्योहार के दिन बहुत बड़ी संख्या में भक्तगण मंदिर में आयेंगे।

2. मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में यात्रा करने वाले लोग अत्यंत आवश्यक काम नहीं हो तो अपनी यात्रा एक दिन के लिए स्थगित कर देंगे।

A. केवल पूर्वधारणा I कथन में अंतर्निहित है।

B. केवल पूर्वधारणा II कथन में अंतर्निहित है।

C. दोनों अंतर्निहित है।

D. दोनों में से कोई नही

**134. कथनः- सरकार ने शहर के सभी प्राइवेट स्कूलों को कम से कम दो वर्ष के लिए फीस का वर्तमान स्तर बनाये रखने के अनुदेश दिए हैं।**

**पूर्वधारणाएं :.**

I. प्राइवेट स्कूलों के प्राधिकारी सरकार के अनुदेश का पालन नहीं करेंगे क्योंकि वे सरकारी निधियों पर निर्भर नहीं हैं।

II. शहर के प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों के माता-पिता से अधिक फीस अदा करने के लिए उत्सुक होंगे।

A. केवल पूर्वधारणा I कथन में अंतर्निहित है।

B. केवल पूर्वधारणा II कथन में अंतर्निहित है।

C. दोनों अंतर्निहित हैं।

D. दोनों में से कोई नही

**135. कथन: नगर पालिका प्राधिकरण ने एक व्यस्त रोड़ पर नये फ्लाइओवर के निर्माण के लिए पुराने पुल को गिरा देने का निर्णय लिया है।**

**पूर्वधारणाएं :**

I. ट्रैफिक विभाग वैकल्पिक मार्गों से वाहनों के आवागमन का विपथन कर पायेगा।

II. निकटवर्ती क्षेत्रों में यात्रा करने वाले लोग प्राधिकरण के निर्णय के विरोध में प्रदर्शन करेंगे।

A. केवल पूर्वधारणा I कथन में अंतर्निहित है।

B. केवल पूर्वधारणा II कथन में अंतर्निहित है।

C. दोनों अंतर्निहित हैं।

D. दोनों में से कोई नही

**136. कथन- सनसनी खेज समाचार पत्रों को प्रतिबन्धित होना चाहिए?**

**तर्क :**

I. नहीं, इस तरह की बेवकूफी के कार्य आखिर सोचे भी कैसे जा सकते हैं?

II. हाँ, कोई परेशानी नहीं, हमारे पास कई अच्छे समाचार पत्र हैं।

A. केवल तर्क मजबूत हो I

B. केवल तर्क II मजबूत हो।

C. यदि I और II दोनों ही मजबूत तर्क हों।

D. न तो I ही और न ही II मजबूत तर्क हो I

**137. कथन- सभी प्रकार के पाठ्यक्रम पत्रचार द्वारा प्रदत्त होने चाहिए ?**

**तर्क :** I. हाँ, नियमित पाठ्यक्रम में सीमित सीट हैं और जो पाठ्यक्रम में रुचि रखते हैं उन्हें आगे पढ़ने का अवसर दिया जाना चाहिए।

II. नहीं, शिक्षक और शिष्य के बीच की अन्तक्रिया विकास के लिए समान रूप से महत्त्वपूर्ण है।

A. केवल तर्क मजबूत हो I

B. केवल तर्क II मजबूत हो।

C. यदि I और II दोनों ही मजबूत तर्क हों।

D. न तो I ही और न ही II मजबूत तर्क हो I

**138. कथन- सभी शालाएँ सहशिक्षा वाली बनाई जानी चाहिए ?**

**तर्क :** I. हाँ, अन्यथा हम लड़कियों की शिक्षा प्रोत्साहित कैसे करेंगें और अधिक लड़कियों को सहशिक्षा शालाओं में पंजीयन कराना चाहिए।

II. नहीं, हमारे जैसे रुढ़िवादी समाज में अभिभावकों में सहशिक्षा के विरुद्ध कई प्रतिबन्ध होते हैं और यह लड़कियों की शिक्षा में बाधक हो सकते हैं।

A. केवल तर्क मजबूत हो I

B. केवल तर्क II मजबूत हो।

C. यदि I और II दोनों ही मजबूत तर्क हों।

D. न तो I ही और न ही II मजबूत तर्क हो I

**139. कथन- विद्यार्थियों को शैक्षणिक संस्थाओं में यूनियन के क्रियाकलापों में भाग लेने को प्रतिबन्धित करना चाहिए?**

**तर्क :** I. हाँ, विद्यार्थी पढ़ने के लिए प्रवेश लेते हैं। यूनियन के क्रियाकलाप में लिप्त होने के लिए नहीं।

II. नहीं, वे विद्यार्थी जिनको पढ़ाई में रुचि नहीं है उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए कुछ अवसर मिलने चाहिए।

A. केवल तर्क मजबूत हो I

B. केवल तर्क II मजबूत हो।

C. यदि I और II दोनों ही मजबूत तर्क हों।

D. न तो I ही और न ही II मजबूत तर्क हो I

**140. कथन- भारत में मतदान के लिए आयु बढ़ाकर 21 वर्ष कर देनी चाहिए।**

**तर्क :** I. नहीं, किसी प्रचलन को बदलना मुश्किल है।

II. हाँ, उस उम्र तक लोगों में जिम्मेदारी की भावना और उच्चस्तरीय परिपक्वता विकसित हो जाती है।

A. केवल तर्क मजबूत हो I

B. केवल तर्क II मजबूत हो।

C. यदि I और II दोनों ही मजबूत तर्क हों।

D. न तो I ही और न ही II मजबूत तर्क हो I

**141. ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 का पुरुष वर्ग में खिताब किसने जीता है ?**

A. नोवाक जोकोविच B. राफेल नडाल

C. रोजर फेडरर D. महेश भूपथि

**142. हाल ही में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 का पांचवाँ संस्करण कहाँ से शुरु हुआ हैं ?**

A. मध्य प्रदेश B. उत्तर प्रदेश

C राजस्थान D. हरियाणा

**143. हाल ही में किस महिला अधिकारी को दुनिया के सबसे ऊँचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन में पहली बार तैनात किया गया ?**

A. अंजलि शर्मा B. शिवा चौहान

C. काजल गुप्ता D. रीमा कुमारी

**144. भारत की पहली अंडरवाटर मेट्रो किस नदी पर बनाई जा रही है ?**

A. गोदावरी नदी
B. हुगली नदी
C पेन्नार नदी
D. मांडवी नदी

**145. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 जनवरी 2023 को अंडमान निकोबार द्वीप समूह के 21 सबसे बड़े अनाम द्वीप का नाम किसके नाम पर रखने की घोषणा की है ?**

A. राजनेताओ के नाम पर
B. खिलाडियों के नाम पर
C. परम चक्र विजेताओ के नाम पर
D. कवियों के नाम पर

**146. हॉकी विश्वकप 2023 किसने जीता है ?**

A. जर्मनी
B. बेल्जियम
C. भारत
D. पाकिस्तान

**147. किस देश के राष्ट्रपति ने गणतंत्र दिवस परेड 2023 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया ?**

A. रूस
B. फ्रांस
C. मिश्र
D. युक्रेन

**148. मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद को लोकपाल के दायरे में लाने वाला देश का पहला राज्य कौनसा है ?**

A. महाराष्ट्र
B. राजस्थान
C बिहार
D. केरल

**149. रणजी ट्राफी के पहले ही ओवर में हैट्रिक लेकर किसने इतिहास रच दिया ?**

A. आर. आश्विन
B. रविन्द्र जडेजा
C . जयदेव उनाकदत्त
D. जसप्रीत बुमराह

**150. G – 20 पर्यावरण कार्य समूह की बैठक कहाँ आयोजित की जाएगी ?**

A. दिल्ली
B. कर्नाटक
C महाराष्ट्र
D. राजस्थान

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

ANSWER.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
| D | D | A | B | C | A | D | D | B | A |
| 11. | 12. | 13. | 14. | 15. | 16. | 17. | 18. | 19. | 20. |
| D | B | C | B | D | C | B | B | A | A |
| 21. | 22. | 23. | 24. | 25. | 26. | 27. | 28. | 29. | 30. |
| C | B | B | A | D | C | A | A | C | D |
| 31. | 32. | 33. | 34. | 35. | 36. | 37. | 38. | 39. | 40. |
| D | D | C | D | A | C | B | C | B | D |
| 41. | 42. | 43. | 44. | 45. | 46. | 47. | 48. | 49. | 50. |
| B | A | C | D | B | A | A | B | B | B |
| 51. | 52. | 53. | 54. | 55. | 56. | 57. | 58. | 59. | 60. |
| C | B | C | A | C | D | C | C | A | B |
| 61. | 62. | 63. | 64. | 65. | 66. | 67. | 68. | 69. | 70. |
| A | A | A | A | C | D | D | B | B | D |
| 71. | 72. | 73. | 74. | 75. | 76. | 77. | 78. | 79. | 80. |
| C | D | D | A | B | A | A | C | D | A |
| 81. | 82. | 83. | 84. | 85. | 86. | 87. | 88. | 89. | 90. |
| B | D | D | C | B | D | A | C | A | C |
| 91. | 92. | 93. | 94. | 95. | 96. | 97. | 98. | 99. | 100. |
| B | B | B | C | C | A | D | D | B | A |
| 101. | 102. | 103. | 104. | 105. | 106. | 107. | 108. | 109. | 110. |
| B | C | B | B | A | D | A | C | C | C |
| 111. | 112. | 113. | 114. | 115. | 116. | 117. | 118. | 119. | 120. |
| B | B | C | A | A | D | D | D | A | A |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 121. | 122. | 123. | 124. | 125. | 126. | 127. | 128. | 129. | 130. |
| B | B | B | B | C | C | B | B | A | C |
| 131. | 132. | 133. | 134. | 135. | 136. | 137. | 138. | 139. | 140. |
| B | C | C | D | A | A | D | D | D | D |
| 141. | 142. | 143. | 144. | 145. | 146. | 147. | 148. | 149. | 150. |
| A | A | B | B | C | C | C | A | C | B |

1. **उत्तर – (D)**

**व्याख्या:** यह लेख घोसुंडी गाँव (नगरी, चित्तौड़गढ़) से प्राप्त हुआ था। इस लेख का महत्त्व द्वितीय शताब्दी ईसा पूर्व में भागवत धर्म का प्रचार, सकर्षण तथा वासुदेव की मान्यता और अश्वमेध यज्ञ के प्रचलन आदि के कारण हैं। इस लेख की लिपि ब्राह्मी एवं भाषा संस्कृत है।

2. **उत्तर – (D)**

**व्याख्या:**

| पुरातात्विक स्थल | ज़िला |
|---|---|
| कालीबंगा | हनुमानगढ़ |
| बागोर | भीलवाड़ा |
| गणेश्वर | सीकर |
| बैराठ | जयपुर |

3. **उत्तर – (A)**

**व्याख्या:** शासक मिनेंडर के 16 सिक्के राजस्थान के बैराठ स्थल से प्राप्त हैं। यहाँ से कुल 36 मुद्राएँ प्राप्त हुई, जो एक मिट्टी के भाण्ड में कपड़े से बंधी हुई हैं। इसमें से 8 पंचमार्क चांदी की मुद्राएँ हैं तथा 28 इंडो ग्रीक व यूनानी सिक्के हैं, जिसमें 16 मुद्राएँ यूनानी शासक मिनेंडर की है।

4. **उत्तर – (B)**

**व्याख्या:** आहड़ सभ्यता के बड़े और चौकोर मकान पत्थरों से बनाने गए थे, जबकि उनकी दीवारें मिट्टी या मिट्टी की ईंटों की होती थी।

5. **उत्तर – (C)**

**व्याख्या:**- बैराठ स्थित पहाड़ी, जहाँ बौद्ध बिहार के अवशेष मिले हैं, उसे बीजक पहाड़ी माना जाता है। बैराठ की ग्रेनाइट पहाड़ियों की कंदराओं, बीजक की पहाड़ी, भीमाजी की डूंगरी एवं गणेश डूंगरी में भारतीय लिपि विज्ञान की रहस्यमीय 'शंख लिपि' के प्रचुर संख्या में प्राप्त हुए हैं। यहाँ एक स्वर्ण मंजूषा प्राप्त हुई है, जिसमें भगवान बुद्ध के अस्थि अवशेष थे। ये सभी अवशेष मौर्ययुगीन हैं।

6. **उत्तर: (A)**

**व्याख्या:** काले पत्थर पर उत्कीर्ण श्रृंगी ऋषि का शिलालेख उदयपुर जिले के एकलिंग जी मंदिर से लगभग 6 मील दूर दक्षिण पूर्व में श्रृंगी ऋषि नामक स्थान पर है। इस शिलालेख से भीलों के सामाजिक जीवन पर प्रकाश पड़ता है।

7. **उत्तर: (D)**

**व्याख्या:** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में स्थित कालीबंगा से 'अग्नि कुंडों' के साक्ष्य मिले हैं। यहाँ से जुते हुए खेत के भी साक्ष्य मिले हैं।

8. **उत्तर: (D)**

**व्याख्या:** राजस्थान की 'बनास संस्कृति' ताम्रपाषाण काल' से संबंधित है।

9. **उत्तर: (B)**

**व्याख्या:** सही सुमेलित उत्तर है:-

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

अनंत-गोचर - सीकर

स्वर्णगिरि - जालौर

कांठल - प्रतापगढ़

अर्बुद - सिरोही

**10. उत्तरः (A)**

**व्याख्याः** हर्षनाथ अभिलेख में चौहानों का वंशक्रम एवं उनकी उपलब्धियों, पाशुपत संप्रदाय से संबंधित गुरु विश्व रूप का उल्लेख मिलता है। इसमें हर्षनाथ मंदिर का निर्माण अल्लट द्वारा किये जाने का वर्णन है।

**11. उत्तरः (D)**

**व्याख्याः** कर्नल जेम्स टॉड ने अपना यात्रा वृत्तांत 'ट्रेवल्स इन वेस्टर्न इंडिया' अपने गुरु जैन यति ज्ञानचंद्र को समर्पित किया। इनके गुरु ज्ञानचंद्र ने टॉड को राजपूत राज्यों के इतिहास से संबंधित सामग्री जुटाने में योगदान दिया था।

**12. उत्तरः (B)**

**व्याख्याः** राजस्थान में सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेष कालीबंगा एवं रंगमहल आदि से प्राप्त हुए हैं। कालीबंगा में पूर्व हड़प्पाकालीन, हड़प्पाकालीन तथा 'उत्तर हड़प्पाकालीन' सभ्यता के अवशेष प्राप्त हुए हैं। रंगमहल से भी सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेष प्राप्त हुए हैं। यहाँ बसने वाली बस्तियों के तीन बार बसने और उजड़ने के संकेत मिले। परंतु इन तीनों बस्तियों के मृद्भांडों में कोई विशेष अंतर नहीं दिखाई देता।

**13. उत्तरः (C)**

**व्याख्याः** बालाथल ताम्रपाषाणिक काल का स्थल है। यह उदयपुर जिले की वल्लभनगर तहसील में स्थित है। यहाँ से तांबे के सिक्के, मुद्राएँ एवं आभूषण प्राप्त हुए हैं। यहाँ के लोग मिट्टी के बर्तन बनाने में निपुण थे तथा कपड़ा बुनना जानते थे। यहाँ से एक दुर्गनुमा भवन भी मिला है तथा 11 कमरों वाला विशाल भवन भी प्राप्त हुआ है। यहाँ से 400 वर्ष पुराना एक कंकाल मिला है, जिसे भारत में कुष्ठ रोग का सबसे पुरातन प्रमाण माना जाता है।

**14. उत्तरः (B)**

**व्याख्याः** कालीबंगा से सात अग्निवेदिकाएँ प्राप्त हुई हैं। यहाँ से एक दुर्ग. बेलनाकार मुहरें, अलंकृत ईंटों का प्रयोग, तांबे का बैल, जुते हुए खेत, सड़कें, बस्ती, गोल कुंओं, नालियों, मकानों व धनी लोगों के आवासों के अवशेष प्राप्त हुई हैं। यहाँ से बच्चे की खोपड़ी मिली है, जिसमें 6 छेद हैं, इससे जल कपाली या मस्तिष्क शोध की बीमारी का पता चलता है।

**15. उत्तरः (D)**

**व्याख्याः** बागोर स्थल वर्तमान में भीलवाड़ा जिले के कोठरी नदी के तट पर स्थित है। यहाँ से कृषि एवं पशुपालन के प्राचीनतम साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। यहाँ मानव ने पाषाण के उपकरण के साथ-साथ लौह उपकरणों का प्रयोग भी किया। यहाँ से लघु पाषाणोपकरण, हथौड़े, शोफन की गोलियाँ, चपटी व गोल शिलाएँ, छेद वाले पत्थर व एक कंकाल पर ईंटा की दीवार जो समाधि का द्योतक है। यहाँ से तांबे के पाँच उपकरण प्राप्त हुए हैं।

**16. उत्तरः (C)**

**व्याख्याः** गणेश्वर सभ्यता से प्राप्त ताम्र उपकरणों एवं पात्रों में 99% ताँबा होता है न कि 90% ।

**17. उत्तर-(B)**

**व्याख्याः** बलूचिस्तान (पाकिस्तान) में स्थित पुरास्थल मेहरगढ़ से पाषाण संस्कृति से लेकर हड़प्पा सभ्यता तक के सांस्कृतिक अवशेष प्राप्त हुए हैं।

**18. उत्तर-(b)**

**व्याख्याः** सैंधव सभ्यता आद्य-ऐतिहासिक काल की सभ्यता है, क्योंकि यहां पर लेखन कला का ज्ञान तो है, किंतु अभी तक इसे पढ़ा नहीं जा सका है। अतः इतिहास निर्माण में इसका प्रयोग नहीं किया जा सकता है।

**19. उत्तर- (A)**

**व्याख्याः** सिंधु घाटी की सभ्यता गैर-आर्य मुख्य रूप से इसलिए थी, क्योंकि वह नगरीय सभ्यता थी, जबकि आर्य सभ्यता ग्रामीण थी।

**20. उत्तर- (A)**

**व्याख्याः** हड़प्पा सभ्यता की उत्पत्ति के संदर्भ में अनेक विद्वानों ने अलग-अलग मत प्रस्तुत किए हैं। ई. जे. एच. मैके का मानना है कि हड़प्पा सभ्यता की उत्पत्ति सुमेर (मेसोपोटामिया) से लोगों के प्रवसन के कारण हुआ। इन्हीं के समरूप प्रवसन के सिद्धांत के इतिहासविद् डी.एच. गार्डेन तथा मार्टीमर ह्वीलर

का मानना है कि हड़प्पा सभ्यता की उत्पत्ति पश्चिमी एशिया से सभ्यता के विचार के प्रवसन के कारण हुई। इस संदर्भ में अमलानंद घोष का विचार है कि हड़प्पा सभ्यता का उद्भव पूर्व हड़प्पा सभ्यता की परिपक्वता के परिणामस्वरूप हुआ। स्टुअर्ट पिग्गट, फेयर सर्विस, जॉर्ज एफ. डेल्स तथा रफीक मुगल आदि विद्वान स्थानीय उत्पत्ति के सिद्धांत को मान्यता देते हैं। एम. रफीक मुगल का मानना है कि हड़प्पा सभ्यता का विकास रावी नदी क्षेत्र में हड़प्पा में हुआ। इन्होंने इस पुरानी मान्यता का खंडन किया है कि हड़प्पा सभ्यता ने मेसोपोटामिया सभ्यता से प्रेरणा ली।

**21. उत्तर - (C)**

**व्याख्या:** सोहगौरा उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में राप्ती नदी के किनारे स्थित एक गांव है। यहां से मौर्यकालीन ताम्रपत्र अभिलेख मिला है, जिसमें यहां अन्नागार होने का विवरण मिलता है। चन्हूदड़ो, कोटदीजी और देसलपुर तीनों हड़प्पा सभ्यता से जुड़े नगर थे। चन्हूदड़ो और कोटदीजी वर्तमान पाकिस्तान के सिंध प्रांत में तथा देसलपुर गुजरात राज्य के कच्छ में स्थित हैं।

**22. उत्तर - (B)**

**व्याख्या:** प्रश्नगत हड़प्पा सभ्यता के स्थलों में से खम्भात की खाड़ी के निकट स्थित लोथल से गोदीबाड़ा के साक्ष्य मिले हैं। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में घग्गर नदी के किनारे स्थित कालीबंगा से जुते हुए खेत के साक्ष्य मिले हैं। गुजरात के धौलावीरा से हड़प्पा लिपि के बड़े आकार के 10 चिह्नों वाला एक शिलालेख मिला है। हरियाणा के फतेहाबाद जिले में स्थित बनावली से पकी मिट्टी की बनी हुई हल की प्रतिकृति मिली है।

**23. उत्तर - (B)**

**24. उत्तर - (A)**

**व्याख्या:** सही सुमेलन निम्न प्रकार होगा-

| **बस्ती** | | **नदी** |
|---|---|---|
| हड़प्पा | - | रावी |
| कालीबंगा | - | घग्गर |
| लोथल | - | भोगवा |
| रोपड़ | - | सतलज |

**25. उत्तर - (D)**

**व्याख्या:** सिंधु घाटी सभ्यता की प्रमुख विशेषता नगर नियोजन को माना जाता है। साथ ही हड़प्पा और मोहनजोदड़ो सिंधु घाटी सभ्यता के दो प्रमुख नगर थे। हड़प्पा नामक पुरास्थल सर्वप्रथम ज्ञात होने के कारण इसको 'हड़प्पा सभ्यता' के नाम से भी जाना जाता है। कालीबंगा से कृषि संबंधी साक्ष्य तथा अनेक सैंधव स्थलों से ईंट के भट्ठे, मनका निर्माण के कारखाने आदि उद्योग संबंधी साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार सभी चारों कथन सही हैं।

**26. उत्तर - (C)**

**27. उत्तर - (A)**

**व्याख्या:** अथर्ववेद ओषधियों से संबंधित है। ऋग्वेद में ईश्वर महिमा (देवताओं की स्तुति), यजुर्वेद में कर्मकांड (बलिदान विधि) एवं सामवेद में संगीत का विस्तृत उल्लेख है।

**28. उत्तर - (A)**

**व्याख्या:** ऋग्वेद में स्तोत्र एवं प्रार्थनाएं हैं, इसमें कुल 1028 सूक्त तथा 10552 ऋचाएं या मंत्र या श्लोक हैं। यजुर्वेद में स्तोत्र एवं कर्मकांड वर्णित हैं। सामवेद के पद गेय रूप में (संगीतमय स्तोत्र) हैं, जिनको 'उद्गाता' पुरोहित गाता कहा जाता था। अथर्ववेद के कुल 20 अध्यायों एवं 730 सूक्तों में तंत्र-मंत्र एवं वशीकरण के संदर्भ में साक्ष्य हैं।

**29. उत्तर - (C)**

**व्याख्या:** सही सुमेलन इस प्रकार है-

| | | |
|---|---|---|
| ऋग्वेद | - | ऐतरेय |
| सामवेद | - | पंचविंश |
| अथर्ववेद | - | गोपथ |
| यजुर्वेद | - | शतपथ |

**30. उत्तर - (D)**

**31. उत्तर- (D)**

**व्याख्या:** महायान बौद्ध मत बुद्ध की लोकोत्तर सत्ता तथा देवत्व में विश्वास करता है और बुद्ध के अनेक अवतारों एवं रूपों में विश्वास करता है। साथ ही यह बुद्धत्व के मार्ग पर चलने वाले को 'बोधिसत्व' कहता है, जो सभी मानवों की मुक्ति में सहायता करता है। बोधिसत्व के पथ पर चलना इस मत में अनुकरणीय

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

कहा गया है। हिंदू धर्म के प्रभाव में बुद्ध में देवत्व के आरोपण के साथ ही अनुष्ठान और मूर्तिपूजा महायान की मुख्य पद्धति बन गई। अतः तीनों कथन सत्य हैं।

**32. उत्तर - (D)**

**व्याख्या:** प्रथम बौद्ध संगीति बुद्ध की मृत्यु के तत्काल बाद मगध नरेश अजातशत्रु के कार्यकाल में राजगृह (राजगीर) स्थित सप्तपर्णि गुफा में संपन्न हुई। थी। द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन कालाशोक के शासनकाल में की मृत्यु के 100 वर्ष बाद वैशाली में किया गया था। तृतीय बौद्ध संगीति | मौर्य सम्राट अशोक के शासनकाल में पाटलिपुत्र में हुई थी। मोग्गलिपुत्त | तिस्स इसके अध्यक्ष थे। चतुर्थ बौद्ध संगीति कनिष्क के शासनकाल में कुंडलवन (कश्मीर) में संपन्न हुई थी। इसकी अध्यक्षता वसुमित्र एवं उपाध्यक्षता अश्वघोष ने की।

**33. उत्तर - (C)**

**व्याख्या:** महात्मा बुद्ध का जन्म 563 ई.पू. में कपिलवस्तु के समीप लुम्बिनी में  हुआ था। उरुवेला बोधगया (वर्तमान) में वैशाख पूर्णिमा की रात को  उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ। काशी के ऋषिपत्तन (सारनाथ) में उन्होंने प्रथम उपदेश (धर्मचक्रप्रवर्तन) दिया एवं कुशीनारा में उनका निधन हुआ, जिसे बौद्ध साहित्य में 'महापरिनिर्वाण' कहा गया है।

**34. उत्तर - (D)**

**35. उत्तर - (A)**

**36. उत्तर - (C)**

**37. उत्तर – (B)**

**38. उत्तर :- (C)**

**व्याख्या:** अप्लेशियन पर्वत संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी तटीय भाग में स्थित प्राचीन वलित पर्वत है। पिरेनीज फ्रांस में स्थित पर्वत है। यूराल पर्वत एशिया एवं यूरोप की सीमा पर स्थित है। यूराल पर्वत की सबसे ऊँची चोटी नरोदनाया है, जिसकी ऊँचाई 1894 मी. है। इस पहाड़ की खदानों से लौह अयस्क, तांबा, क्रोमाइट, सोना, चांदी और प्लेटिनम आदि का उत्पादन होता है।

**39. उत्तर: (B)**

**व्याख्या:** पैटागोनिया पठार अर्जेंटीना में स्थित शीतोष्ण मरुस्थलीय पठार है। • शान पठार (म्यांमार) अराकानयोमा के पूर्वी भाग में स्थित पठार है, जो टिन उत्पादन के लिये प्रसिद्ध है।

- माटोग्रासो पठार मध्य ब्राजील में स्थित है, जो सोने व हीरे के उत्पादन के लिये विख्यात है।
- ग्रेट बेसिन पठार U.S.A. के पश्चिमी भाग में स्थित पर्वतपदीय पठार है, जहाँ डेथ वैली, ग्रेट साल्ट लेक व योसेमाइट नेशनल पार्क आदि स्थित हैं।

**40. उत्तर: (B)**

**व्याख्या:** हिमालय पर्वत में बहिर्वेधी ज्वालामुखी (Extrusive Volcanoes) नहीं पाए जाते हैं। जबकि अलास्का एवं रॉकी पर्वत श्रेणी (उत्तर अमेरिका) तथा एंडीज पर्वत श्रेणी (दक्षिण अमेरिका) में बहिर्वेधी ज्वालामुखी पाए जाते हैं।

वस्तुतः भारतीय प्लेट एवं यूरेशियन प्लेट के मध्य अभिसरण (टकराव) से भारतीय प्लेट यूरेशियन प्लेट के नीचे क्षेपित हो जाती है। किंतु भारतीय प्लेट का क्षेपण अधिक गहराई में नहीं होने के कारण अपेक्षाकृत कम तापमान व दाब से क्षेपित भारतीय प्लेट की क्रस्ट (भूपर्पटी) का गलन बहुत कम मात्रा में होता है। इसीलिये हिमालय पर्वत में बहिर्वेधी ज्वालामुखी नहीं पाए जाते। हालाँकि हिमालय पर्वत भूकंप के लिये सुभेद्य है।

**41. उत्तर: (B)**

**व्याख्या:**

| ज्वालामुखी पर्वत | देश |
|---|---|
| मेयाना | फिलीपींस |
| माउंट शस्ता | यू. एस. ए. |
| चिंबोरेजो | इक्वाडोर |
| माउंट हेक्ला | आइसलैंड |

**42. उत्तर: (A)**

**43. उत्तर: (C)**

**44. उत्तर: (4)**

**व्याख्या:**

- कोंकण तट- पश्चिमी घाट का उत्तरी भाग (दमन से गोवा तक)
- मालाबार (केरल तट)- पश्चिमी घाट का दक्षिणी भाग (मंगलुरु से कन्याकुमारी तक)

- काठियावाड़ तट- गुजरात का तटीय मैदान।
- कोरोमंडल तट- पूर्वी तट का दक्षिणी भाग (आंध्र प्रदेश एवं तमिलनाडु का तटीय मैदान)

**45. उत्तरः (B)**

**व्याख्याः** नंदा देवी भारत की दूसरी एवं विश्व की 23वीं सर्वोच्च चोटी है जो पूर्ण रूप से देश में स्थित है। नंदा देवी शिखर हिमालय पर्वत श्रृंखला में भारत के उत्तराखंड राज्य के पूर्व में गौरीगंगा तथा पश्चिम में ऋषिगंगा घाटियों के बीच स्थित है।

**46. उत्तरः (A)**

**व्याख्याः** अटल सुरंग (रोहतांग दर्रा के नीचे) हिमाचल प्रदेश में स्थित पूर्वी पीरपंजाल श्रेणी का प्रमुख दर्रा है, जो मनाली को लेह से जोड़ता है। इसे लाहुल-स्पीति जिले का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है। 3 अक्तूबर, 2020 को भारतीय प्रधानमंत्री ने इसका उद्घाटन किया था।

**47. उत्तरः (A)**

**व्याख्याः** गलवान घाटी पश्चिम में लद्दाख और पूर्व में अक्साई चीन के बीच स्थित है। यह वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के समीप अवस्थित है तथा इसका रणनीतिक महत्त्व होने के कारण भारत एवं चीन के मध्य विवादित है।

- वहीं नुब्रा घाटी लद्दाख में स्थित है तथा इसके उत्तर में सियाचीन ग्लेशियर स्थित है।
- चुंबी घाटी का भारत (सिक्किम), भूटान व चीन (तिब्बत) तीनों के मिलन बिंदु पर स्थित होने के कारण सामरिक महत्त्व है। 'डोकलाम' क्षेत्र इसी के अंतर्गत आता है।
- शांत घाटी (साइलेंट वैली) केरल में नीलगिरि की पहाड़ियों पर स्थित है। यह अत्यधिक जैव-विविधता वाला क्षेत्र है।

**48. उत्तरः (B)**

**व्याख्याः** महादेव रेंज मध्य प्रदेश में स्थित है, जिसकी सर्वोच्च चोटी 'धूपगढ़' है।

- कर्नाटक के पठारी क्षेत्र में पश्चिमी घाट से संलग्न पर्वतीय एवं पठारी क्षेत्र को 'मलनाड' कहा जाता है।
- मिज़ोरम को 'मोलेसिस बेसिन' भी कहा जाता है, क्योंकि यह एक पर्वतीय क्षेत्र है जो कोमल तथा असंगठित चट्टानों से निर्मित है। गुजरात में स्थित कच्छ के रण को 'सफेद मरुस्थल' भी कहा जाता है। यह क्षेत्र नमकीन दलदल से निर्मित है, जो हज़ारों वर्ग किमी. क्षेत्र में फैला हुआ है।

**49. उत्तरः (B)**

**व्याख्याः** दक्षिण से उत्तर की ओर उपर्युक्त पर्वतों का सही अनुक्रम है- डोडाबेट्टा, विंध्याचल, धौलागिरि, कैलाश।

- डोडाबेट्टा- नीलगिरि पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊँची चोटी (2633 मी.) है। यह तमिलनाडु में ऊटी के पास स्थित है। विदित है कि अनाई मुडी (केरल) 2,695 मीटर की ऊँचाई के साथ पश्चिमी घाट की सबसे ऊँची चोटी है।
- विंध्याचल पर्वत - इस पर्वत श्रेणी का विस्तार गुजरात से लेकर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं बिहार तक है। इसे गुजरात में 'जोबट हिल' और बिहार में 'कैमूर हिल' कहते हैं। विंध्यन श्रेणी के दक्षिण में नर्मदा नदी घाटी है जो विंध्याचल पर्वत को सतपुड़ा पर्वत से अलग करती है।
- धौलागिरि - वृहद्/महान हिमालय के अंतर्गत नेपाल में धौलागिरि पर्वत चोटी मौजूद है जिसकी ऊँचाई 8172 मी. है।
- कैलाश→ वृहद्/महान हिमालय के उत्तर में स्थित ट्रांस/पार हिमालय (तिब्बतियन हिमालय) के अंतर्गत कैलाश पर्वत श्रेणी आती है।

**50. उत्तरः (B)**

**व्याख्याः** मकालु, अन्नपूर्णा, गोसाईनाथ शिखर उत्तर-मध्य नेपाल के हिमालय में स्थित हैं।

- मकालु, एवरेस्ट, के₂, कंचनजंगा और लहोत्से के बाद विश्व का पाँचवाँ सबसे ऊँचा शिखर है।
- अन्नपूर्णा पर्वत हिमालय श्रेणी का गिरिखंड उत्तर-मध्य नेपाल काली गंडक और मरस्यांदी नदी घाटियों के बीच 48 किमी. लंबी पर्वत श्रेणी का निर्माण करता है।

**51. उत्तरः (C)**

**व्याख्याः** हिमालय पर्वत श्रृंखला उत्तर में साइबेरिया क्षेत्र से आने वाली ठंडी हवाओं के एक अवरोधक के रूप में है। किंतु यदि हिमालय पर्वत श्रृंखला अस्तित्व में न होती तो शीत ऋतु में साइबेरिया की शीतल हवाएँ उत्तर-भारतीय मैदान को अत्यधिक ठंडा बनातीं। साथ ही हिमालय पर्वत श्रृंखला के अभाव में गंगा एवं यमुना जैसी सदानीरा नदियों का भी अभाव होता।

**52. उत्तरः (A)**

**व्याख्याः** उपर्युक्त हिमालयी चोटियों में उच्च से निम्न ऊँचाई का क्रम है- • कंचनजंगा (8,598 मी.) - धौलागिरि (8,172 मी.) - नंगा पर्वत (8,126 मी.) - नंदा देवी (7,817 मी.)

**53. उत्तरः (C)**

**व्याख्याः**

| पहाड़ियाँ | क्षेत्र |
|---|---|
| कार्डमम पहाड़ियाँ | ये पहाड़ियाँ तमिलनाडु एवं केरल की सीमा पर मालाबार तट के समानांतर हैं न कि कोरोमंडल तट के। ये पश्चिमी घाट पर्वत का विस्तारित भाग हैं। अतः युग्म (i) सुमेलित नहीं है। |
| कैमूर पहाड़ियाँ | ये मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व बिहार में 483 पहाड़ियाँ किमी. लंबाई व 80 किमी. चौड़ाई के साथ विस्तृत हैं। इसके दक्षिण में सोन एवं उत्तर में टोंस नदी बहती है। अतः युग्म (ii) सुमेलित नहीं है। |
| महादेव पहाड़ियाँ | ये मध्य प्रदेश में विस्तृत सतपुड़ा पर्वत के पहाड़ियाँ विस्तारित भाग हैं, जो मध्य भारत में स्थित हैं। अतः युग्म (iii) सुमेलित है। |
| मिकिर पहाड़ियाँ | मिकिर असम राज्य में काजीरंगा राष्ट्रीय पार्क पहाड़ियाँ के दक्षिण में स्थित कई पहाड़ियों के समूह हैं तथा ये कार्बी एंगलाँग पठार के ही भाग हैं। ये पूर्वोत्तर में स्थित हैं। अतः युग्म (iv) सुमेलित है। |

**54. उत्तरः (A)**

**व्याख्याः** प्रसिद्ध 'बाटाडू कुआँ' राजस्थान के बाड़मेर जिले में स्थित है। राजस्थान के इतिहास में इस कुएँ को जलमहल के नाम से जाना। जाता है। बाटाडू मुख्यालय पर स्थित यह कुआँ 60 फीट लंबा, 35 फीट चौड़ा, 6 फीट ऊँचा व 80 फीट गहरा है। कुएँ की उत्तरी दिशा में एक बड़ा कुंड बना हुआ है, जिसकी गहराई 5 फीट है। इस कुंड के बीच में एक मकराना निर्मित पत्थर के स्टैंड पर एक बड़े आकार। में संगमरमर की गरुड़ प्रतिमा बनी हुई है, जो कुएँ का मुख्य आकर्षण है।

**55. उत्तरः (3)**

**व्याख्याः**- राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पाकिस्तान (1070 किमी.) से लगती है। यह राज्य में उत्तर से दक्षिण क्रमशः श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर एवं बाड़मेर से लगती है।

- कर्क रेखा (23.5° उत्तरी अक्षांश) राजस्थान के डूंगरपुर एवं बाँसवाड़ा। जिले से गुजरती है।
- राजस्थान के अलवर और भरतपुर जिले को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) में शामिल किया गया है।
- पाली जिले की सीमा राजस्थान के सर्वाधिक जिलों (8 जिलों) से लगती है।
- श्रीगंगानगर एवं बाड़मेर ऐसे जिले हैं, जिनकी अंतर्राज्यीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सीमाएँ हैं।

**56. उत्तरः (D)**

**व्याख्याः** - राजस्थान के जोधपुर शहर को 'सन सिटी' कहा जाता है, जबकि जैसलमेर को 'गोल्डन सिटी' कहा जाता है। उदयपुर को 'झीलों का शहर' तथा 'पूर्व का वेनिस' कहा जाता है, जयपुर को 'पिंक सिटी' के नाम से जाना जाता है। बाँसवाड़ा जिला 'वागढ़' या 'वागवार' के नाम से जाना जाता है। इसे 'सौ द्वीपों या टापुओं का शहर' भी कहा जाता है।

**57. उत्तरः (C)**

**व्याख्याः** थार मरुस्थल को चार भागों में विभाजित किया गया है- घग्घर का मैदान, शेखावाटी प्रदेश, नागौरी उच्च भूमि, लूनी बेसिन।

**58. उत्तरः (C)**

**व्याख्याः** राजस्थान के रेगिस्तान में तीन शहर शामिल हैं, जिन्हें मरु त्रिकोण कहा जाता है, इसमें शामिल हैं- जोधपुर, बीकानेर एवं जैसलमेर। थार मरुस्थल का अधिकांश हिस्सा भारत में है। यह सबसे अधिक जनसंख्या वाला मरुस्थल है। बीकानेर को हवेलियों का शहर भी कहा जाता है। बीकानेर शहर में जिप्सम की बहुत अधिक मात्रा मिलती है।

**59. उत्तरः (A)**

**व्याख्याः** जवाई नदी घाटी के दक्षिण में जालौर पर्वत क्षेत्र में झारोला पहाड़ (588 मीटर) है।
बरवाड़ा पर्वत जयपुर में स्थित है। यह उत्तर-पूर्वी अरावली पर्वत श्रृंखला का भाग है। इसकी ऊँचाई 786 मीटर है।

**60. उत्तरः (B)**

**व्याख्याः** राजस्थान की पर्वत चोटियाँ उनकी ऊँचाई के अनुसार अवरोही क्रम में हैं- सेर (1597 मी.), जरगा (1431 मी.), सज्जनगढ़ (938 मी.) एवं तारागढ़ (870 मी.)। ये सभी चोटियाँ अरावली पर्वत श्रृंखला की हैं।

**61. उत्तरः (A)**

**व्याख्याः** अरावली पर्वत श्रृंखला की रघुनाथगढ़ चोटी सीकर ज़िले में है। इसी पर्वत श्रृंखला की सेर चोटी सिरोही जिले में, जरगा चोटी उदयपुर जिले में, जयगढ़ चोटी तथा नाहरगढ़ चोटी जयपुर जिले में है। इसके अलावा दिलवाड़ा चोटी, गुरुशिखर चोटी, अचलगढ़ चोटी, आबू चोटी आदि सिरोही जिले में है।

**62. उत्तरः (A)**

**व्याख्याः** राजस्थान में वृहत् सीमांत भ्रंश बूँदी और सवाई माधोपुर की। पहाड़ियों के सहारे फैला हुआ है।

**63. उत्तरः (A)**

**व्याख्याः** उदयपुर के उत्तर-पश्चिम में कुंभलगढ़ और गोंगुदा के बीच का पठार 'भोराट पठार' के नाम से जाना जाता है।

**64. उत्तरः (A)**

**व्याख्याः** लाठी सीरीज एक भूमिगत जल पट्टी है। यह पट्टी जैसलमेर, पोखरण, मोहनगढ़ से होते हुए पाकिस्तानी सीमा के सहारे 65 किमी. की चौड़ाई में फैली हुई है। यहाँ सेवण घास पाई जाती है, जिसे स्थानीय भाषा में 'लीलोण' भी कहा जाता है।

**65. उत्तरः (C)**

**व्याख्याः** अरावली पर्वत श्रेणी राजस्थान राज्य उत्तर-पूर्व की ओर अविच्छिन्न फैली हुई है। यह राज्य के कुछ भाग में है जो कि राज्य को भागों में विभाजित करती है। अरावली पर्वत मरुस्थल के प्रसार को सीमित करती है।

**66. उत्तरः (D)**

**व्याख्याः** राज्य के 2/3 भाग (लगभग 61.11 प्रतिशत भू-क्षेत्र) में पश्चिमी रेतीले मैदान का विस्तार है।

- राजस्थान के संपूर्ण भू-भाग का 9 प्रतिशत क्षेत्रफल अरावली पर्वतीय प्रदेश के अंतर्गत आता है।
- पूर्वी मैदान राजस्थान के लगभग 23 प्रतिशत भू-भाग पर फैला है। तथा यह उच्च जनसंख्या घनत्व वाला क्षेत्र है।
- राजस्थान का दक्षिण-पूर्वी पठार (हाड़ौती पठार) का क्षेत्रीय विस्तार 24,185 वर्ग किमी. (7 प्रतिशत) है।

**67. उत्तरः (D)**

**व्याख्याः** राजस्थान में स्थानीय थार मरुस्थल घोराउड प्रकार के नहीं बनते हैं। यहाँ के बालुका स्तूपों का निर्माण पवनों के कारण होता है जो कि निम्न प्रकार के होते हैं-

- बरखान प्रकार- ये बालुका स्तूप अर्द्धचंद्राकार आकार के बनते हैं।
- अनुप्रस्थ बालुका स्तूप- ये पवन की दिशा में समकोण पर बनते हैं।
- पैराबोलिक (परवलयिक) बालुका स्तूप- रेगिस्तान का वह क्षेत्र जहाँ आंशिक रूप से वनस्पतियाँ पाई जाती हैं, यह आकृति उत्तल लेंस की तरह बनी होती है।
- अनुदैर्ध्य पवनानुवर्ती या रेखीय बालुका स्तूप- ये वायु की दिशा के अनुरुप विस्तृत हैं।
- तारा बालुका स्तूप- इनका निर्माण प्रमुखतः संश्लिष्ट और अनियमित पवनों के क्षेत्र में होता है।
- नेटवर्क बालूका स्तूप- रेखीय, अनुप्रस्थ एवं पैराबोलिक बालूका स्तूपों के पाश्र्व पर विस्तृत जोत क्षेत्र में और उनके बीच में इनका निर्माण होता है।
- अन्य बालूका स्तूप हैं- अवरोधी, शब्र-काफीज, बरखोनोइड्स।

**68. उत्तरः (B)**

**व्याख्याः** राजस्थान के नागौर जिले में बाँका पट्टी क्षेत्र है। इस क्षेत्र में पानी में फ्लोराइड के आधिक्य से निवासियों में कुबड़ापन देखने को मिलता है।

**69. उत्तरः (B)**

**व्याख्याः** राजस्थान का पश्चिमी रेतीले मैदान का 41.50 प्रतिशत क्षेत्र बालुका मुक्त प्रदेश है। अरावली मैदान में अवशिष्ट पर्वतों के रूप में खड़ा | है। संरचनात्मक दृष्टि से राजस्थान का भौतिक स्वरूप भारत के उत्तरी वृहत् मैदान और प्रायद्वीपीय पठार का हिस्सा है।

**70. उत्तरः (D)**

**व्याख्याः** रेगिस्तान के अर्द्धचंद्राकर रेतीले धोरों (स्तूपों) को 'बरखान' कहते हैं।

· राजस्थान के जैसलमेर जिले में पाकिस्तानी सीमा के किनारे करीब 60 किमी. लंबे पट्टीनुमा क्षेत्र का नाम लाठी सीरीज है। यह क्षेत्र जैसलमेर से पोखरण होते हुए मोहनगढ़ तक फैला है। यह एक भूगर्भीय जलपट्टी है।

जैसलमेर के उत्तर तथा पोकरण के दक्षिण में बालुका स्तूपों के बीच में कहीं-कहीं निम्न भूमि मिलती है जिसमें वर्षा का जल भर जाने से अस्थायी झीलों का निर्माण होता है। इन्हें 'प्लाया' कहा जाता है।

• विस्तृत रेगिस्तान में कठोर चट्टानों के सामान्य सतह से ऊँचे टीलें द्वीप या पर्वत के समान दिखाई देते हैं, जिन्हें 'इंसेलबर्ग' कहा जाता है।

**71. उत्तर-(C)**

**व्याख्या:** सभा के सदस्यों का निर्वाचन प्रांतीय विधानसभाओं के सदस्यों | द्वारा अप्रत्यक्ष निर्वाचन के आधार पर हुआ था, न कि सार्वभौम वयस्क मताधिकार के आधार पर प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा। कर, संपत्ति और | शैक्षणिक योग्यता के आधार पर मताधिकार प्रदान किया गया था। सभी को मताधिकार प्राप्त नहीं था।

**72. उत्तर- (d)**

**व्याख्या:** संविधान सभा के प्रथम अस्थायी उप-सभापति/उपाध्यक्ष फ्रैंक एंथोनी थे, जिन्हें 9 दिसंबर, 1946 को अस्थायी सभापति/अध्यक्ष सच्चिदानंद सिन्हा द्वारा मनोनीत किया गया था। एच.सी. मुखर्जी संविधान सभा के पहले स्थायी उपाध्यक्ष थे।

**73. उत्तर- (D)**

**व्याख्या:** 13 दिसंबर, 1946 को भारत की संविधान सभा के प्रथम अधिवेशन की पांचवीं बैठक में जवाहरलाल नेहरू ने उद्देश्य प्रस्ताव रखा था, जिसने संविधान के निर्माण के लिए सटीक दर्शन एवं मार्गदर्शक सिद्धांत प्रदान किए और बाद में 'भारत के संविधान की प्रस्तावना' का रूप लिया।

**74. उत्तर- (A)**

**व्याख्या:** भारतीय संविधान के तहत राज्य के मुखिया अर्थात राष्ट्रपति का निर्वाचन लोगों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से नहीं बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से जन प्रतिनिधियों (संसद एवं विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों) के माध्यम से किया जाता है। अन्य तीनों कथन सही हैं।

**75. उत्तर-(b)**

**व्याख्या:** भारत का संविधान देश की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में पूर्णतः सक्षम है तथा भावी आवश्यकताओं के मद्देनजर इसमें संशोधन संबंधी प्रावधान भी हैं। दूसरी ओर इसमें विभिन्न देशों के संविधानों से तथ्य एवं विचार ग्रहण किए गए हैं, अतः इसे एक गृहीत संविधान भी कहा जाता है। इस प्रकार कथन एवं कारण दोनों ही सही हैं, परंतु कारण कथन का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

**76. उत्तर- (A)**

**व्याख्या:** प्रश्नगत कथन संविधान सभा के अध्यक्ष और भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का है। यह कथन 26 नवंबर, 1949 को भारतीय संविधान को अपनाए जाते समय दिए गए उनके वक्तव्य का अंश है।

**77. उत्तर- (A)**

**व्याख्या:** "संविधान सभा कांग्रेस थी और कांग्रेस भारत था" यह वक्तव्य पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त इतिहासकार ग्रैनविले ऑस्टिन का था। यह वक्तव्य उनकी पुस्तक 'द इंडियन कांस्टीट्यूशन' (The Indian Constitution) में वर्णित है।

**78. उत्तर-(C)**

**79. उत्तर-(d)**

**व्याख्या:** भारत के संविधान के अनुच्छेद 368 (2) के परंतुक के उपबंधों के तहत वर्णित संविधान के कतिपय प्रावधानों में संशोधन करने हेतु विधेयक के भारत की संसद के प्रत्येक सदन द्वारा अपेक्षित बहुमत से पारित होने के पश्चात उसे राष्ट्रपति की अनुमति के लिए प्रस्तुत किए जाने से पूर्व यह आवश्यक है कि कम-से-कम आधे राज्य विधानमंडलों द्वारा उस विधेयक को अनुसमर्थित किया जाए। आधे राज्य यदि विधेयक को अपनी संस्तुति देते हैं, तो औपचारिकता पूरी हो जाती है। राजस्थान विधानसभा समेत कोई भी विधानसभा संकल्प को पारित कर सकती है या अस्वीकार कर सकती है। ऐसे संकल्प में विधानसभा द्वारा कोई संशोधन प्रस्तावित नहीं किया जा सकता है।

**80. उत्तर- (A)**

**व्याख्या:** अनुच्छेद 368 के अनुसार, इस संविधान में किसी बात के होते हुए भी, संसद अपनी संविधायी शक्ति का प्रयोग करते हुए इस संविधान के किसी उपबंध का परिवर्धन, परिवर्तन या निरसन के रूप में संशोधन इस अनुच्छेद में अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार कर सकेगी। संसद, भारत की जनता द्वारा निर्वाचित उच्चतम विधायी संस्था है, इसी कारण संविधान में संशोधन का यह अधिकार संसद को प्राप्त है। अतः कथन एवं कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की स्पष्ट व्याख्या है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**81. उत्तर-(B)**

**व्याख्या:** संविधान के अनुच्छेद 368 (2) के प्रावधानों के अनुसार, संविधान संशोधन विधेयक को संसद के किसी भी सदन में लाया जा सकता है। ऐसे विधेयक के लिए राष्ट्रपति

की पूर्व सिफारिश की आवश्यकता नहीं होती। संविधान संशोधन विधेयक को अपेक्षित रूप से संसद द्वारा पारित (एवं आवश्यक होने पर कम-से-कम आधे राज्यों के विधानमंडलों द्वारा अनुसमर्थित) होने के पश्चात राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किए। जाने पर यह राष्ट्रपति के लिए बाध्यकर है कि वे उस विधेयक पर अपनी अनुमति दें। वह विधेयक को न तो अपने पास रोक सकते हैं। और न ही संसद के पास पुनर्विचार के लिए भेज सकते हैं। संविधान संशोधन विधेयक को संसद के दोनों सदनों में अलग-अलग विशेष बहुमत (संबंधित सदन की कुल सदस्य संख्या के बहुमत तथा उस सदन के उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के कम-से-कम दो-तिहाई बहुमत से पारित कराना अनिवार्य है। इस विधेयक पर दोनों सदनों के बीच असहमति होने पर दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में विधेयक को पारित कराने का प्रावधान नहीं है। अतः कथन 1 असत्य है, जबकि कथन 2 और 3 सत्य हैं।

**82. उत्तर- (D)**

**व्याख्या:** संविधान के अनुच्छेद 157 के अनुसार, राज्यपाल नियुक्त होने के लिए दो अर्हताएं हैं- (1) वह भारत का नागरिक हो (2) वह 35 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो। उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि राज्यपाल पद के लिए जन्म से भारत का नागरिक होना आवश्यक नहीं है। सातवें संविधान संशोधन, 1956 के माध्यम से अनुच्छेद 153 के परंतुक के रूप में यह प्रावधान किया गया कि एक ही व्यक्ति को दो या अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त किया जा सकता है। अतः अभीष्ट उत्तर विकल्प (d) होगा।

**83. उत्तर- (D)**

**व्याख्या:** भारतीय संविधान के अनु. 154 (1) में कथन 3, अनु. 155 में कथन 1, अनु. 156 (1) में कथन 2 तथा अनु. 156 (3) में कथन 4 सन्निहित हैं। इस प्रकार दिए गए चारों कथन सही हैं।

**84. उत्तर-(C)**

**व्याख्या:** संविधान में राज्यपाल को हटाने की प्रक्रिया का वर्णन नहीं है। अनुच्छेद 156(1) में प्रावधान है कि राज्यपाल, राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करेगा।

अनुच्छेद 153 के परंतुक के तहत एक ही व्यक्ति दो या अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है।

अनुच्छेद 217 (1) के अनुसार, राष्ट्रपति द्वारा उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाती है। अनुच्छेद 239 कक (5) के तहत संघ राज्यक्षेत्र दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा संघ राज्यक्षेत्र सरकार अधिनियम, 1963 के तहत पुडुचेरी संघ राज्यक्षेत्र के मुख्यमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

**85. उत्तर-(B)**

**व्याख्या:** संविधान के अनुच्छेद 356 (1) के अनुसार, यदि राष्ट्रपति का, किसी राज्य के राज्यपाल से प्रतिवेदन (रिपोर्ट) मिलने पर या अन्यथा, यह समाधान हो जाता है कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें उस राज्य का शासन इस संविधान के उपबंधों के अनुसार नहीं चलाया जा सकता, तो राष्ट्रपति द्वारा उस राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है। यह रिपोर्ट भेजना राज्यपाल की विवेकाधीन शक्ति के अंतर्गत आता है। संविधान के अनुच्छेद 164(1) के अनुसार, मंत्रियों की नियुक्ति राज्यपाल, मुख्यमंत्री की सलाह पर करेगा। अतः यह राज्यपाल की विवेकाधीन शक्ति नहीं है।

संविधान के अनुच्छेद 200 के अनुसार, राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किए जाने पर राज्यपाल उसे अनुमति दे सकता है या अनुमति रोक सकता है अथवा वह विधेयक को राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित कर सकता है। यह भी राज्यपाल की विवेकाधीन शक्ति है, क्योंकि इसका प्रयोग वह राज्य मंत्रिमंडल की सलाह के बिना करता है।

संविधान के अनुच्छेद 166(3) के अनुसार, राज्यपाल अपने विवेकानुसार किए जाने वाले कार्य को छोड़कर राज्य सरकार के कार्य के सुचारु रूप से संचालन और इस हेतु मंत्रियों में कार्य के आवंटन के लिए नियम बनाएगा। अतः स्पष्ट है कि सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर विकल्प (b) है।

**86. उत्तर-(D)**

**व्याख्या:** भारतीय संविधान के भाग 6 के तहत अनुच्छेद 158 (3-क) के अंतर्गत यह प्रावधान किया गया है कि जब एक ही व्यक्ति को दो या अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त किया जाता है, तो उसे संदेय उपलब्धियां और भत्ते उन राज्यों के बीच ऐसे अनुपात में आवंटित किए जाएंगे, जैसा राष्ट्रपति आदेश द्वारा अवधारित करें।

**87. उत्तर- (A)**

**व्याख्याः** राज्य का राज्यपाल निम्नलिखित संदर्भों में अपने विवेकानुसार कार्य कर सकता है-

1. विधानसभा में सरकार को अपना बहुमत सिद्ध करने को कहने के लिए।
2. अल्पमत में आए मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने के लिए।
3. किसी विधेयक पर अनुमति देने, अनुमति रोकने अथवा भारत के राष्ट्रपति के विचारार्थ उस विधेयक को आरक्षित करने के लिए (अनु. 200) ।
4. विधायिका द्वारा पारित किसी विधेयक को पुनर्विचार हेतु वापस करने के लिए (अनु. 200 का परंतुक)।

**88. उत्तर – (C)**

**89. उत्तर - (A)**

**व्याख्याः** राज्य का राज्यपाल निम्नलिखित संदर्भों में अपने विवेकानुसार कार्य कर सकता है-

1. विधानसभा में सरकार को अपना बहुमत सिद्ध करने को कहने के लिए।
2. अल्पमत में आए मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने के लिए।
3. किसी विधेयक पर अनुमति देने, अनुमति रोकने अथवा भारत के राष्ट्रपति के विचारार्थ उस विधेयक को आरक्षित करने के लिए (अनु. 200) ।
4. विधायिका द्वारा पारित किसी विधेयक को पुनर्विचार हेतु वापस करने के लिए (अनु. 200 का परंतुक)।

**90. उत्तर-(c)**

**व्याख्याः** भारतीय संविधान के अनु. 213(1) के अनुसार, उस समय को छोड़कर जब किसी राज्य की विधानसभा सत्र में है या विधान परिषद वाले राज्य में विधानमंडल के दोनों सदन सत्र में हैं, यदि किसी समय राज्यपाल को लगता है कि ऐसी परिस्थितियां विद्यमान हैं, जिसके कारण तुरंत कार्रवाई आवश्यक है, तो वह अध्यादेश (Ordinance) प्रख्यापित कर सकेगा। अनुच्छेद 213(2) (क) के अनुसार, इस अध्यादेश को राज्य विधानमंडल के पुनः समवेत होने पर उससे स्वीकृति मिलना आवश्यक है, अन्यथा विधानमंडल के पुनः समवेत होने के 6 सप्ताह के बाद उसकी वैधता समाप्त हो जाती है।

**91. उत्तर-(B)**

**व्याख्याः** राज्यपाल को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति का अधिकार नहीं है, क्योंकि अनुच्छेद 217 (1) के अनुसार, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 171 के अनुसार, विधान परिषद की सदस्य संख्या के लगभग 1/6 भाग को साहित्य, विज्ञान, कला, सहकारिता और समाज सेवा में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले व्यक्तियों में से राज्यपाल द्वारा मनोनीत किया जाता है। अनुच्छेद 168 (1) के अंतर्गत राज्यपाल राज्य विधानमंडल का हिस्सा है तथा अनुच्छेद 161 के अनुसार, राज्यपाल को क्षमा, आदि की और कुछ मामलों में दंडादेश के निलंबन, परिहार और लघुकरण की शक्ति (न्यायिक शक्ति) प्राप्त है।

**92. उत्तर-(B)**

**व्याख्याः** राज्य विधान परिषद का प्रावधान (विधान परिषदों की संरचना) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 171 में है। अनुच्छेद 171 (1) के अनुसार, राज्य की विधान परिषद के सदस्यों की कुल संख्या उस राज्य की विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या के एक-तिहाई से अधिक नहीं होगी, परंतु किसी राज्य की विधान परिषद के सदस्यों की संख्या किसी भी दशा में 40 से कम नहीं होगी। वर्तमान में केवल छः राज्यों-कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना में ही विधान परिषद है। अनुच्छेद 170 में विधानसभाओं की संरचना, अनुच्छेद 172 में राज्यों के विधानमंडलों की अवधि तथा अनुच्छेद 173 में राज्य के विधानमंडल की सदस्यता के लिए अर्हता वर्णित है।

**93. उत्तर - (B)**

**व्याख्याः** राज्य विधान परिषद के उत्सादन (समापन) के लिए राज्य विधानसभा द्वारा संविधान के अनुच्छेद 169 के अंतर्गत स्वीकृत संकल्प केंद्र सरकार पर कोई बाध्यता अधिरोपित नहीं करता है कि वह संसद में तत्संबंधी विधि निर्माण हेतु कार्यवाही करे।

**94. उत्तर - (C)**

**95. उत्तर - (C)**

**व्याख्याः** अर्थव्यस्था के क्षेत्र-

प्राथमिक क्षेत्र : -, कृषि निर्वाह व वाणिज्य, वानिकी, चटाई शिकार, मछली पकड़ना, उत्खन्न, पाल पैकिंग, प्रसंस्करण आदि)।

माध्यमिक/ द्वितीयक क्षेत्र रु. सभी विनिर्माण, प्रसंस्करण व निर्माण, धातु आटोमोबाइल, कपड़ा उत्पादन रसायन, इंजीनियरिंग उद्योग एयरोस्थेस इत्यादि

तृतीय/ सेवा क्षेत्र:- सेवा क्षेत्र, द्वितीय क्षेत्र द्वारा उत्पादित उत्पादों को और विभिन्न व्यवसायों को व्यावसायिक सेवा प्रदान करता ।

चतुर्थ क्षेत्र :- बौद्धिक क्षेत्र सूचना प्रौद्योगिकी, खुदरा थोक बिक्री, परिवहन वितरण, रैस्तरां, मीडिया पर्यटन इत्यादि ।

**96. उत्तर - (A)**

**व्याख्या :** पूँजी की सीमान्त क्षमता नये निवेश से होने वाला लाभ है। कीन्स के " रोजगार, ब्याज और धन के सामान्य सिद्धान्त के अनुसार " व्यापार चक्र निवेश की दर में होने वाले उतार-चढ़ाव के कारण बनता है। ये उतार-चढ़ाव पूँजी की सीमान्त क्षमता के कारण होते हैं।

**97. उत्तर - (D)**

**व्याख्या:** निम्नकोटी वस्तुएँ वह वस्तुएँ होती हैं, जिनकी माँग, उपभोक्त की आय में वृद्धि पर घट जाती है। जैसे केरोसिन, मोटा अनाज इत्यादि ।

**98. उत्तर - (D)**

**99. उत्तर - (B)**

**व्याख्या:** सकल घरेलू उत्पाद एक अर्थव्यवस्था के आर्थिक प्रदर्शन का बुनियादी माप होता है। यह एक वर्ष में एक राष्ट्र की सीमा के भीतर सभी अंतिम माल - और सेवाओं का बाजार मूल्य होता है।

**100. उत्तर - (A)**

**व्याख्या:** आय और उपभोग का प्रत्यक्ष रूप से संबंध होता है। यदि उपभोग की आय अच्छी होगी, तो उपभोग व्यय अधिक होगा अन्यथा कम आय पर उपभोग व्यय भी कम हो जाएगा।

**101. उत्तर - (B)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय आय है: कारक लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद ।

**102. उत्तर - (C)**

**व्याख्या:** संपाश्विक 'कोलेटरल' एक ऐसी संपत्ति है जो एक उधारकर्ता के पास होता है और जब तक ऋण चुकाया नहीं जाता है, तब तक ऋणदाता को गारंटी के रूप में इसका उपयोग कर सकता है। ऋण और अग्रिम देना बैंक के कार्य है।

**103. उत्तर - (B)**

**व्याख्या:** वित्तीय क्षेत्र मूल्यांकन कार्यक्रम किसी देश के वित्तीय क्षेत्र का मूल्यांकन एक व्यापक और गहन विश्लेषण है, जो विकासशील और उभरते बाजार देशों के विश्व बैंक और आईएमएफ द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है।

**104. उत्तर - (B)**

**व्याख्या:** राजस्व प्राप्तियों और गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों (NDCR) और कुल व्यय के बीच के अंतर को राजकोषीय घाटा कहा जाता है। राजकोषीय घाटे की गणना सकल घरेलू उत्पाद के रूप में की जाती है। राजकोषीय घाटा सरकार की आय में उसके खर्च की तुलना में कमी को दर्शाता है।

**105. उत्तर - (A)**

**व्याख्या:** सामाजिक वस्तुओं एवं अच्छी (योग्य) वस्तुओं और सेवाओं की पूर्ति के लिए जिनकी पहुँच बाजार तक नहीं होती या फिर बाज़ार उन वस्तुओं की पूर्ति में असफल हो जाए, इन्हें बजट के माध्यम से राज्य द्वारा उपलब्ध कराया जाता है और बजट राजकोषीय नीति का ही अभिन्न अंग है।

**106. उत्तर - (D)**

**व्याख्या:** राजकोषीय नीति में सरकार आय व व्यय को समायोजित करती है । इसलिए राजकोषीय नीति, लोक राजस्व, लोक व्यय व कर्ज दोनों से संबंधित है।

**107. उत्तर - (A)**

**व्याख्या:** शून्य आधारित बजट की अवधारणा पीटर पायर द्वारा जिमी कार्टर के शासन के दौरान अमेरिका में प्रस्तुत की गई। यह वह विधि है जिसमें चल रही योजनाओं और कार्यों की न्यायोचित्तता निर्धारित की जाती है।

**108. उत्तर - (C)**

**व्याख्या:** लंबाई, द्रव्यमान, समय, ताप, विद्युत धारा, ज्योति तीव्रता तथा पदार्थ का परिमाण सात मूल भौतिक राशियां हैं। मूल राशियों के मात्रक एक-दूसरे से पूर्णतया स्वतंत्र हैं तथा इनमें से किसी एक को किसी अन्य मात्रक में बदला अथवा उससे संबंधित नहीं किया जा सकता।

**109. उत्तर - (C)**

**व्याख्याः** टेकियोमीटर (Tacheometer) एक प्रकार का सर्वेक्षण उपकरण है, जिसे क्षैतिज दूरियों, लंबवत उन्नयनों एवं दिशाओं के त्वरित मापन हेतु डिजाइन किया गया है। अन्य विकल्पों के युग्म सुमेलित हैं। पाइरोमीटर की सहायता से दूर स्थित उच्च तापीय वस्तुओं का ताप मापते हैं।

**110. उत्तर - (c)**

**व्याख्याः** राडार (RADAR) शब्द मूलतः एक संक्षिप्त रूप है, जिसका पूर्ण रूप है- 'Radio Detection & Ranging' यह वस्तुओं का पता लगाने वाली एक प्रणाली है, जो सूक्ष्म तरंगों का उपयोग करती है। इसके द्वारा रेडियो तरंगों के माध्यम से दूर की वस्तुओं की स्थिति, ऊंचाई, दिशा या गति ज्ञात की जाती है।

**111. उत्तर - (B)**

**व्याख्याः** घर्षणहीन पृष्ठ पर कोई भी व्यक्ति गति नहीं कर सकता, क्योंकि किसी भी प्रकार की गति के लिए घर्षण आवश्यक है। हालांकि पूर्णतः घर्षणरहित सतह पर कोई व्यक्ति सीटी बजाकर अपने को गति में ला सकता है। सीटी बजाने के लिए व्यक्ति एक दिशा में हवा छोड़ेगा, जिसके परिणामस्वरूप विपरीत दिशा में वह गति करने लगेगा। कारण (R) में संवेग संरक्षण के सिद्धांत का उल्लेख है, जो कि पूर्णतः सत्य है।

**112. उत्तर - (B)**

**व्याख्याः** वायुमंडलीय दाब में भिन्नता के कारण वायु गतिमान होती है। इस क्षैतिज गतिज वायु को 'पवन' कहते हैं। पवनें उच्च दाब से कम दाब की ओर प्रवाहित होती हैं। पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूर्णन पवनों की दिशा को प्रभावित करता है। पृथ्वी के घूर्णन द्वारा लगने वाले बल को कोरिओलिस बल (Coriolis force) कहा जाता है। कोरिओलिस बल अक्षांशों के कोण के सीधा समानुपात में बढ़ता है। यह ध्रुवों पर सर्वाधिक और विषुवत वृत्त पर अनुपस्थित होता है।

**113. उत्तर - (c)**

**व्याख्याः** चन्द्रमा पृथ्वी का एक उपग्रह है। चन्द्रमा के गुरुत्वीय त्वरण का मान पृथ्वी पर g के मान का 1/6 वां भाग है। इसलिए चन्द्रमा पर व्यक्ति का भार पृथ्वी पर उसके भार का 1/6 वां भाग होगा। इस प्रकार कथन सही है, जबकि कारण सही नहीं है।

**114. उत्तर - (A)**

**व्याख्याः** पृथ्वी की सतह के निकट किसी पिंड पर लगने वाला पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल यदि अचानक लुप्त हो जाए, तो वस्तु का भार शून्य हो जाएगा परंतु द्रव्यमान वही रहेगा।

**115. उत्तर - (A)**

**व्याख्याः** नासा ने अपने प्रयोगों के पश्चात यह स्पष्ट किया है कि मोमबत्ती की ज्वाला के निर्माण में गुरुत्वीयकर्षण की अप्रत्यक्ष भूमिका होती है। अंतरिक्षयान में अतिसूक्ष्म गुरुत्वीय अवस्था (Microgravity) की स्थिति में मोमबत्ती को जलाने पर ज्वाला तो उत्पन्न हो सकती है, परंतु वास्तविक निर्वात (अंतरिक्ष) में यह संभव नहीं है। वस्तुतः मोमबत्ती की ज्वाला की टिमटिमाने की आवृत्ति गुरुत्वीय त्वरण के मोमबत्ती । के व्यास से 'अनुपात के वर्गमूल के समानुपाती होती है तथा अंतरिक्ष में गुरुत्वीय बल के अभाव के कारण यह शून्य होती है। इस प्रकार विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।

**116. उत्तर - (D)**

**व्याख्याः** केशनली में तरल अपने पृष्ठ तनाव के अनुपात में चढ़ता है। जिस तरल का पृष्ठ तनाव जितना ज्यादा होगा वह उतनी ज्यादा ऊंचाई तक चढ़ेगा।

**117. उत्तर - (D )**

**व्याख्याः** हाइड्रॉलिक ब्रेक, हाइड्रॉलिक प्रेस तथा हाइड्रॉलिक लिफ्ट, पास्कल के नियम पर आधारित हैं। पास्कल के नियम के अनुसार, यदि गुरुत्वीय प्रभाव को नगण्य माना जाए, तो संतुलन की अवस्था में किसी द्रव के भीतर प्रत्येक स्थान पर समान दाब रहता है।

**118. उत्तर - (D)**

**व्याख्याः** तापमान में वृद्धि के साथ किसी भी द्रव (ग्लिसरीन आदि) की श्यानता बढ़ने के बजाए घट जाती है तथा तापमान में वृद्धि अणुओं की गतिज ऊर्जा को बढ़ा देती है। इस प्रकार कथन (A) गलत है, जबकि कारण (R) सही है।

**119. उत्तर - (A)**

**व्याख्याः** सोडियम क्लोराइड तथा अन्य लवणों की अधिकता के कारण समुद्री जल नमकीन होता है। फलतः समुद्री जल का घनत्व अधिक होता है। तथा उसमें उत्प्लावकता भी अधिक होती है। इसलिए समुद्र के जल में तैरना आसान होता है।

**120. उत्तर - (A)**

**व्याख्या:** प्रकाश तंतु या ऑप्टिकल फाइबर सिलिका से बनी पतली बेलनाकार । नलिकाएं होती हैं, जो प्रकाश के पूर्ण आंतरिक परावर्तन के सिद्धांत पर कार्य करती हैं। इसमें प्रकाश ऊर्जा का किसी प्रकार क्षय नहीं होता है। प्रकाशिक तंतु संचार तंत्र में ऊर्जा उपभोग अत्यधिक कम होता है। ये वैद्युत चुंबकीय अवरोध और रेडियो आवृत्ति अवरोध से मुक्त होते हैं। वर्ष 2000 में स्टरलाइट कंपनी समूह द्वारा भारत में प्रकाशिक तंतु का निर्माण प्रारंभ किया गया, न कि रिलायंस उद्योग समूह द्वारा।

**121. उत्तर – (B)**

**व्याख्या :**

2400 : 5600 : 3200 D

A B C

आय 3(2400) : 7 : 4

व्यय 4(2100) : 3 : 5

बचत 300

A की आय =3 = 2400 रु. (प्रश्न में दिया है ) तो

$1 = \frac{2400}{3} = 800$ रु.

B की आय =7 = 7 × 800 रु = 5600 रु

C की आय = 4 = 4 × 800 रु = 3200 रु

A की बचत = 300 रु. (प्रश्न में दिया है )

इसलिए A का व्यय = आय – बचत

= 2400-300 = 2100 रु. = 4

$1 = \frac{2100}{4} = 525$ रु.

B का व्यय =3 =3 × 525 रु = 1575 रु

B की बचत = आय – व्यय

5600 - 1575 = 4025 रु

**122. उत्तर – (B)**

**व्याख्या:**

1 रु. 50 पैसे 25 पैसे

1 : 4 : 2

$= \frac{4}{350} \times 5600 = 64$ Ans

**123. उत्तर – (B)**

**व्याख्या:**

माना x : 1 में मिलाया गया

दूध की मात्रा = $(x \times \frac{5}{8}) + (1 \times \frac{2}{5})$

$= \frac{25x+16}{40}$

पानी की मात्रा = $(x \times \frac{3}{8}) + (1 \times \frac{3}{5}) = \frac{15x+24}{40}$

$\therefore \frac{25x+16}{40} = \frac{15x+24}{40} = x = \frac{4}{5}$

अभीष्ट अनुपात $= \frac{4}{5} : 1 = 4 : 5$

**124. उत्तर – (B)**

**व्याख्या:**

$\frac{3x-2000}{2x-900} = \frac{4}{3}$

$9x - 6000 = 8x - 3600$

$x = 2400$

A और B की आय 3 : 2 = 3× 2400 : 2 × 2400

7200 Rs तथा 4800 Rs **ans.**

**125. उत्तर – (C)**

**व्याख्या:**

A : B = 5 : 4

B : C = 3 : 2

A : B : C =15 : 12 : 8

A +B +C = 35 = 3500 Rs

1 = 100

B = 12 = 12 × 100

B = 1200 Rs **ans.**

**126. उत्तर - (C)**

**व्याख्या:**

हल:–A:B:C के लाभांश का अनुपात

= 5000×24 :10,000 ×12 :15,000 ×24 = 2:2:6

अत: B का लाभांश = $\frac{2}{10} \times 12000 = 2400$ रु ०

**127. उत्तर – (B)**

**व्याख्या:**

हल:– A द्वारा दी गई कुल राशि =1690-990=700 रू.

अत: $\frac{700}{990} = \frac{700 \times 8}{\text{B की गायो की संख्या} \times 11}$

या B की गायों की संख्या $= \frac{990 \times 700 \times 8}{700 \times 11} = 720$

**128. उत्तर - (B)**

**व्याख्या:**

माना उनके निवेश 14 माह के लिए x रु., 8 माह के लिए y रु. और 7 माह के लिए z रु. है।

तो, 14x : 8y : 7z

=5 : 7 : 8

अब, 14x /8y = 5/7

= 98x = 40y

= y = 49/20x

और, 14x /7z = 5/8

= 112x = 35z

= z =112/35x = 16/5x.

अत: x : y : z = x : 49/20x : 16/5x

= 20 : 49 : 64.

**129. उत्तर - (A)**

**व्याख्या:**

A : B : C = (20,000 × 24) : (15,000 × 24) : (20,000 × 18) = 4 : 3 : 3.

इसलिए B का हिस्सा = Rs. (25000 × 3/10) = Rs. 7,500.

**130. उत्तर – (C)**

**व्याख्या:**

माना B आरंभ में x महीने बाद व्यापार में साझीदार बना ।

| | | |
|---|---|---|
| ∴ A | : | B |
| 45000 x 12 | : | 54000 (12 - x) |
| (5 x 12) | : | 6 ( 12 - x) |
| 60 | : | 72 - 6x |

$\therefore \frac{60}{72-6x} = \frac{2}{1} = 144 - 12x = 60$

$= 12x = 84 = 7$

**131. उत्तर – (B)**

**व्याख्या:** (2)केवल पूर्वधारणा II कथन में अंतर्निहित है। बीमार लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसका अर्थ यह हुआ कि निकटवर्ती अस्पताल सभी मरीजों का उपचार कर सकने में समर्थ है।

**132. उत्तर – (C)**

**व्याख्या :-** दोनों पूर्वधारणाएँ कथन में अंतर्निहित है। यदि सरकार इन यूनिटों को पर्याप्त पावर आपूर्ति करने में सक्षम नहीं होती तो इस तरह के पैकेज की घोषणा नहीं की जाती। लाभकारी योजनाओं का स्वागत होता है।

**133. उत्तर – (C)**

**व्याख्या :-** स्पष्टत: दोनों पूर्वधारणाएँ कथन में अंतर्निहित हैं।

**134. उत्तर – (D)**

**व्याख्या :-** कोई भी पूर्वधारणा कथन में अंतर्निर्हित नहीं है। सरकार ने दिशा-निर्देश यह मानकर जारी किया कि प्राइवेट स्कूल इसे मानेंगे।

**135. उत्तर - (A)**

**व्याख्या :-** केवल पूर्वधारणा I कथन में अंतर्निहित है। किसी कारण से किसी मार्ग पर ट्रैफिक बाधित होने पर वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है।

**136. उत्तर – (A)**

**व्याख्या :-** तर्क Iमजबूत है क्योंकि सनसनी खेज समाचारों से कोई राष्ट्रीय क्षति नहीं होती है अत: इस सम्बन्ध में सोचना बेवकूफी है।

**137. उत्तर - (D)**

**व्याख्या :-** दोनों तर्क कमजोर हैं क्योंकि कुछ पाठ्यक्रम में शिक्षक का रहना आवश्यक है और विकास का लिए शिक्षक और शिष्य सम्बंध ही आवश्यक नहीं है।

**138. उत्तर – (D)**

**व्याख्या :-** तर्क I-कमजोर है क्योंकि सह शिक्षा जरुरी भी नहीं है क्योंकि लड़कियों को अलग से भी पढ़ाया जा सकता है। तर्क-II भी कमजोर है क्योंकि इस युग में लड़कियों की सह-शिक्षा के लिए अभिभावक रुढ़ीवादी नहीं बल्कि आधुनिक हैं।

**139. उत्तर (D)**



INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

**व्याख्या :-** दोनों तर्क कमजोर हैं क्योंकि शैक्षणिक संस्थाओं में पढ़ाई रुचिकर एवं विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए करवाई जाती है।

140. उत्तर - (D)

**व्याख्या :-** तर्क I -कमजोर है क्योंकि संविधान संशोधन कर जनोपयोगी नियम बनाया जा सकता है तथा तर्क-II भी कमजोर है क्योंकि केवल 21 वर्ष होने पर ही लोगों में जिम्मेदारी की भावना का उच्च स्तरीय परिपक्वता विकसित होना आवश्यक नहीं है। संविधान के अनुसार 18 वर्ष लिग माना गया है।

141. उत्तर – (A)

नोवाक जोकोविच

142. उत्तर – (A)

मध्य प्रदेश

143. उत्तर - (B)

शिवा चौहान यह उदयपुर की रहने वाली हैं।

144. उत्तर – (B)

पश्चिम बंगाल में हुगली नदी पर

145. उत्तर – (C)

**परम चक्र विजेताओ के नाम पर**

146. उत्तर – A

जर्मनी

147. उत्तर – (C)

मिश्र

148. उत्तर – (A)

महाराष्ट्र

149. उत्तर – (C)

जयदेव उनादकट ये सौराष्ट्र टीम से हैं दिल्ली के खिलाफ हैट्रिक ली।

150. उत्तर – (B)

कर्नाटक

# INFUSION NOTES

## OMR SHEET

**Name Of The Candidate (As It Appears In Your 10th Standard Certificate)**

A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A A
B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B B
C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C C
D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D D
E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E E
F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F F
G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G G
H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H H
I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I I
J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J J
K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K K
L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L L
M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M M
N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N N
O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O O
P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P P
Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q Q
R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R R
S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S S
T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T T
U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U U
V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V V
W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W W
X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X X
Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y Y
Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z Z

**ROLL NUMBER**

1 1 1 1 1 1
2 2 2 2 2 2
3 3 3 3 3 3
4 4 4 4 4 4
5 5 5 5 5 5
6 6 6 6 6 6
7 7 7 7 7 7
8 8 8 8 8 8
9 9 9 9 9 9
0 0 0 0 0 0

**DATE**

**Exam**

**INSTRUCTIONS FOR FILLING THE SHEET**

1. This sheet should not be folded or crushed.
2. Use only blue/black ball point pen to fill the circles.
3. Use of pencils is strictly prohibited.
4. Circles should be darkened completely and properly.
5. Cutting and erasing on this sheet is not allowed.
6. Do not use any stray marks on the sheet.
7. Do not use marker or white fluid to hide the mark.

**गोलों को कैसे भरें / How To Fill Circle**

Wrong Method

Correct Method
A B D

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A | B | C | D | 31 | A | B | C | D | 61 | A | B | C | D | 91 | A | B | C | D | 121 | A | B | C | D |
| 2 | A | B | C | D | 32 | A | B | C | D | 62 | A | B | C | D | 92 | A | B | C | D | 122 | A | B | C | D |
| 3 | A | B | C | D | 33 | A | B | C | D | 63 | A | B | C | D | 93 | A | B | C | D | 123 | A | B | C | D |
| 4 | A | B | C | D | 34 | A | B | C | D | 64 | A | B | C | D | 94 | A | B | C | D | 124 | A | B | C | D |
| 5 | A | B | C | D | 35 | A | B | C | D | 65 | A | B | C | D | 95 | A | B | C | D | 125 | A | B | C | D |
| 6 | A | B | C | D | 36 | A | B | C | D | 66 | A | B | C | D | 96 | A | B | C | D | 126 | A | B | C | D |
| 7 | A | B | C | D | 37 | A | B | C | D | 67 | A | B | C | D | 97 | A | B | C | D | 127 | A | B | C | D |
| 8 | A | B | C | D | 38 | A | B | C | D | 68 | A | B | C | D | 98 | A | B | C | D | 128 | A | B | C | D |
| 9 | A | B | C | D | 39 | A | B | C | D | 69 | A | B | C | D | 99 | A | B | C | D | 129 | A | B | C | D |
| 10 | A | B | C | D | 40 | A | B | C | D | 70 | A | B | C | D | 100 | A | B | C | D | 130 | A | B | C | D |
| 11 | A | B | C | D | 41 | A | B | C | D | 71 | A | B | C | D | 101 | A | B | C | D | 131 | A | B | C | D |
| 12 | A | B | C | D | 42 | A | B | C | D | 72 | A | B | C | D | 102 | A | B | C | D | 132 | A | B | C | D |
| 13 | A | B | C | D | 43 | A | B | C | D | 73 | A | B | C | D | 103 | A | B | C | D | 133 | A | B | C | D |
| 14 | A | B | C | D | 44 | A | B | C | D | 74 | A | B | C | D | 104 | A | B | C | D | 134 | A | B | C | D |
| 15 | A | B | C | D | 45 | A | B | C | D | 75 | A | B | C | D | 105 | A | B | C | D | 135 | A | B | C | D |
| 16 | A | B | C | D | 46 | A | B | C | D | 76 | A | B | C | D | 106 | A | B | C | D | 136 | A | B | C | D |
| 17 | A | B | C | D | 47 | A | B | C | D | 77 | A | B | C | D | 107 | A | B | C | D | 137 | A | B | C | D |
| 18 | A | B | C | D | 48 | A | B | C | D | 78 | A | B | C | D | 108 | A | B | C | D | 138 | A | B | C | D |
| 19 | A | B | C | D | 49 | A | B | C | D | 79 | A | B | C | D | 109 | A | B | C | D | 139 | A | B | C | D |
| 20 | A | B | C | D | 50 | A | B | C | D | 80 | A | B | C | D | 110 | A | B | C | D | 140 | A | B | C | D |
| 21 | A | B | C | D | 51 | A | B | C | D | 81 | A | B | C | D | 111 | A | B | C | D | 141 | A | B | C | D |
| 22 | A | B | C | D | 52 | A | B | C | D | 82 | A | B | C | D | 112 | A | B | C | D | 142 | A | B | C | D |
| 23 | A | B | C | D | 53 | A | B | C | D | 83 | A | B | C | D | 113 | A | B | C | D | 143 | A | B | C | D |
| 24 | A | B | C | D | 54 | A | B | C | D | 84 | A | B | C | D | 114 | A | B | C | D | 144 | A | B | C | D |
| 25 | A | B | C | D | 55 | A | B | C | D | 85 | A | B | C | D | 115 | A | B | C | D | 145 | A | B | C | D |
| 26 | A | B | C | D | 56 | A | B | C | D | 86 | A | B | C | D | 116 | A | B | C | D | 146 | A | B | C | D |
| 27 | A | B | C | D | 57 | A | B | C | D | 87 | A | B | C | D | 117 | A | B | C | D | 147 | A | B | C | D |
| 28 | A | B | C | D | 58 | A | B | C | D | 88 | A | B | C | D | 118 | A | B | C | D | 148 | A | B | C | D |
| 29 | A | B | C | D | 59 | A | B | C | D | 89 | A | B | C | D | 119 | A | B | C | D | 149 | A | B | C | D |
| 30 | A | B | C | D | 60 | A | B | C | D | 90 | A | B | C | D | 120 | A | B | C | D | 150 | A | B | C | D |

**Student's Signature**

**Invigilator's Signature**